www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 72 || लखनऊ
शुक्रवार
12 जून 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 05:12
सूर्यास्त: 07:00
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 27°00



पेज 07

विशेष समाचार | पीएम मोदी ने बनाया कीर्तिमान ... >> पेज 04 | सूर्या की याद में चौराहे का नाम... >> पेज 06 | जैकलीन के केस से जज ने खुद को ...

# पीएम ने नीति आयोग की बैठक की

## सभी राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे, कर्नाटक सीएम शिवकुमार, तमिलनाडु सीएम विजय पहली बार इसका हिस्सा बने

**बातचीत**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक हुई। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के अधिकारी शामिल हुए। बंगाल में भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले सीएम शुभेंदु अधिकारी भी पहली बार बैठक में शामिल हुए। गैर भाजपा-NDA शासित तीन राज्यों के नए मुख्यमंत्री पहली बार बैठक का हिस्सा बने। इनमें कर्नाटक CM शिवकुमार, तमिलनाडु CM विजय और केरल CM वी.डी. सतीशन शामिल हैं। भारत 2047 में आजादी के 100 साल पूरे करेगा।

केंद्र सरकार का लक्ष्य तब तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए GDP बढ़ाने के साथ मानव पूंजी को मजबूत करना, युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना, रोजगार बढ़ाना, महिलाओं और वंचित वर्गों को अवसर देना क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना भी जरूरी है।

इसी वजह से नीति आयोग की बैठक में शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पोषण, उद्यमिता, रोजगार और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई, ताकि विकास का लाभ हर भारतीय तक पहुंच सके। वहीं, तमिलनाडु के तत्कालीन CM एम.के. स्टालिन, तेलंगाना के CM रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश CM सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड CM हेमंत सोरेन और पंजाब के भगवंत मान जैसे विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में मौजूद रहे थे।

### दुनिया में अनिश्चितता, भारत विकास पथ पर मजबूती से आगे: मोदी




दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक हुई।

### इस बार नीति आयोग की थीमः समावेशी मानव विकास

इस साल नीति आयोग की बैठक की थीम 'विकसित भारत @2047 के लिए समावेशी मानव विकास' है। इसका मतलब 2047 तक हर उम्र, क्षेत्र, लिंग और सामाजिक-आर्थिक बैकग्राउंड से परे हर भारतीय तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

### बैठक में समान अवसर और डिजिटल गवर्नेंस

*नीति आयोग की बैठक में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समावेशी मानव विकास पर चर्चा हुई। बैठक में मानव विकास, रोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पोषण, समान अवसर और डिजिटल गवर्नेंस जैसे मुद्दों पर मंथन किया गया। बैठक में राज्यों के विकास विजन को राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने, विकास योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। साथ ही दिसंबर 2025 में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी चर्चा की गई।*












### सिद्धारमैया के अलावा 4 सीएम पिछली बैठक में नहीं पहुंचे थे

नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक में कर्नाटक के तत्कालीन CM सिद्धारमैया, पश्चिम बंगाल की तत्कालीन CM ममता बनर्जी, केरल के तत्कालीन CM पिनराई विजयन, बिहार के तत्कालीन CM नीतीश कुमार और पुडुचेरी CM एन. रंगासामी शामिल नहीं हुए थे। नीति आयोग के CEO बीवीआर सुब्रह्मण्यम के अनुसार, 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 31 ने बैठक में भाग लिया था। उन्होंने इसे गवर्निंग काउंसिल की सबसे अधिक भागीदारी वाली बैठकों में से एक बताया था।

## पुणे में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन

पुणे। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने गुरुवार को पुणे के सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (SPPU) कैंपस में प्रदर्शन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। सैकड़ों छात्र और समर्थक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे।

CJP फाउंडर दीपके ने अपने भाषण में दावा किया कि दिल्ली में जंतर-मंतर से ज्यादा लोग पुणे में जुटे हैं। दीपके ने सरकार के सामने 5 मांगे भी रखीं। इसके अलावा NCERT की किताबों में मराठा साम्राज्य का मैप दोबारा शामिल करने की मांग की।सोनम वांगचुक ने CJP का शिक्षा घोषणापत्र जारी किया। भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और परीक्षा में देरी-गड़बड़ियों से छात्रों को होने वाली समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है।

# पुलिस ने जहांगीर खान की हाफ पैंट में परेड कराई

## जांच के लिए फालता लेकर आई थी, दुर्गापुर में टीएमसी नेता पर अंडे फेंके

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोलकाता। बंगाल के फालता में गुरुवार को TMC नेता जहांगीर खान की पुलिस ने हाफ पैंट (निक्कर) में परेड कराई। जांच के सिलसिले में पुलिस उन्हें फलता लेकर गई थी। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उन्हें नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था।

वहीं, दुर्गापुर में एक और TMC नेता सुकुमार दत्ता को भ्रष्टाचार और जबरन वसूली समेत कई आरोपों में गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस उन्हें थाने से अदालत ले जा रही थी, तब भीड़ ने उन पर अंडे फेंके। TMC नेता पर जमीन कब्जाने, रंगदारी वसूलने और स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने का भी आरोप है। थाने के बाहर प्रदर्शनकारियों ने दत्ता के खिलाफ नारेबाजी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। जहांगीर का फालता में दबदबा था। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था।

>> (शेष पेज 06 पर)

# चार दिन में 4 इस्तीफे, कोयल मल्लिक ने भी छोड़ा दीदी का साथ

## दावा-20 लोकसभा सांसद अलग गुट बना चुके

**इस्तीफा**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोलकाता/नई दिल्ली। TMC के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक और कोयल मल्लिक ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पिछले चार दिन में 13 में से चार राज्यसभा सांसद ममता को छोड़कर जा चुके हैं। 10 जून को सुष्मिता देव ने रिजाइन किया था। 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा सदस्यता और पार्टी छोड़ी थी। इससे पहले TMC की बागी सांसद काकोली घोष ने दावा किया था कि 20 लोकसभा सांसद अलग गुट बना चुके हैं। वहीं, 80 में से 58 TMC विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस बीच, ममता बनर्जी के सबसे करीबी सांसद कल्याण बनर्जी की भी नाराजगी सामने आई। कल्याण की नाराजगी की वजह TMC का फर्जी साइन केस है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी को तय करना होगा कि वे मेरे साथ हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ममता 3 दिन दिल्ली में रहीं, राहुल- सोनिया से मुलाकात की

ममता 3 और अभिषेक 5 दिन दिल्ली में रहे। 10 जून को अभिषेक ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। वहीं, 9 जून को ममता सोनिया गांधी से मिलीं थीं। इसके अलावा इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में भी शामिल हुए।

**फास्ट न्यूज**

### केरलम में निपाह वायरस लौटा, संक्रमित वेंटिलेटर पर

तिरुवनंतपुरम। केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस सामने आया। 43 साल मरीज कोझिकोड का रहने वाला है। मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है।

### अहमदाबाद प्लेन हादसे का एक साल

अहमदाबाद। अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 दुर्घटना को एक साल पूरा हो गया है, लेकिन हादसे की भयावह यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजा हैं। 12 जून 2025 को लंदन जाने वाली AI-171 फ्लाइट मेघानीनगर में BJ मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर क्रैश हो गई, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों और जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई। सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा था। हादसे के एक साल बाद भी BJ मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल परिसर में उस त्रासदी के निशान पूरी तरह मिट नहीं पाए हैं।

### ओडिशा में मिसाइल टेस्ट से पहले खाली कराए 11 गांव

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले में DRDO के तय मिसाइल टेस्ट से पहले गुरुवार को प्रशासन ने 11 गांव खाली करा लिए। चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (ITR) के लॉन्च पैड-3 के 3.5 किलोमीटर दायरे से 11,442 लोगों को अस्थायी तौर पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बुधवार को भी इन्हीं इलाकों के लोगों को उनके घरों से हटाया गया था।

# यूपी के एसीएस (गृह) संजय प्रसाद को राहत

## हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, सर्विस रिकॉर्ड डीओपीटी भेजने को कहा था

**रोक**

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के एसीएस (गृह) संजय प्रसाद (आईएएस) को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पारित इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस सुधार न लागू करने पर उनके खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी की गई थी और सर्विस रिकॉर्ड डीओपीटी को भेजने का निर्देश था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भरोसेमंदर और सबसे ताकतवर नौकरशाहों में शुमार अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले से, जिसमें संजय प्रसाद के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां की गई थीं और उनके कार्यकाल पर असर डालने वाले निर्देश दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और अतुल चंदुरकर की बेंच ने आईएएस संजय प्रसाद द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह स्थगन आदेश जारी कर दिया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# खार्ग आइलैंड हमारा होगा, वेनेजुएला की तरह तेल-गैस पर कब्जा करेंगे

# ट्रम्प की धमकी : आज रात ईरान पर सबसे बड़ा हमला करेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले नई धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका गुरुवार रात ईरान पर बड़ा हमला करेगा। उनका दावा है कि ईरान की ज्यादातर सैन्य ताकत पहले ही कमजोर हो चुकी है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान के सबसे बड़े ऑयल एक्सपोर्ट सेंटर खार्ग आइलैंड और दूसरे अहम तेल-गैस ठिकानों पर वेनेजुएला के जैसे कब्जा करेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### भारत ने अमेरिका के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया

भारत ने ओमान तट के पास तेल टैंकर सेत्तेबेल्लो पर हुए हमले को लेकर अमेरिका के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत सरकार ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को विदेश मंत्रालय बुलाकर अपनी चिंता जताई और कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि हमले के बाद भारत ने अमेरिकी पक्ष से औपचारिक विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बड़ी संख्या में भारतीय नाविक काम करते हैं, खासकर फारस की खाड़ी और पश्चिम एशिया में। ऐसे में उनकी सुरक्षा भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स ...

1. **जॉर्डन बोला- 5 ईरानी मिसाइलें हवा में मार गिराईं:** जॉर्डन की सेना ने दावा किया कि ईरान से दागी गई 5 मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया गया। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।
2. **ईरान का दावा- अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन मार गिराया:** तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक दक्षिणी ईरान के जाम इलाके में अमेरिकी MQ-9 ड्रोन को गिराया गया। अमेरिका की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।
3. **होर्मुज के पास टैंकर पर अमेरिकी हमला:** ओमान तट के पास एक ऑयल टैंकर पर अमेरिकी हमले के बाद आग लग गई। जहाज पर 24 भारतीय समेत 28 क्रू मेंबर सवार थे। एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि कुछ क्रू मेंबर लापता बताए गए।
4. **रूस ने अमेरिका-ईरान से हमले रोकने की अपील की:** मॉस्को ने दोनों देशों से संयम बरतने और सैन्य कार्रवाई बंद कर कूटनीति का रास्ता अपनाने को कहा।
5. **कतर का प्रतिनिधिमंडल तेहरान पहुंचा:** कतर ने क्षेत्रीय तनाव कम करने और अमेरिका-ईरान टकराव पर बातचीत के लिए अपना प्रतिनिधिमंडल ईरान भेजा है।

**राज्यसभा चुनाव:** भाजपा से 10, कांग्रेस से 4 चुने गए, जीतने वालों में मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा शामिल

# 26 सीटों में से 14 पर निर्विरोध उम्मीदवार जीते

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल है। वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश से भाजपा के रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट की जीत हुई है।

> राज्यसभा सांसदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया दूसरे चुनावों से काफी अलग है। राज्यसभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं यानी जनता नहीं बल्कि विधायक इन्हें चुनते हैं। चुनाव हर दो साल में होते हैं, क्योंकि राज्यसभा एक स्थायी सदन है और इसके एक-तिहाई सदस्य हर दो साल में रिटायर होते हैं



### 12 सीटों पर 18 जून को वोटिंग

*अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, JMM को दो और TVK को एक सीट पर जीत मिल सकती है।*

### 245 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास अभी 147 सांसद

245 सदस्यों वाली राज्यसभा में NDA के पास अभी 147 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के पास 67 और गैर-गठबंधन वाले क्षेत्रीय दलों के पास 28 सांसद हैं।

# कुकी समुदाय के 2 लोगों की हत्या

## 30 घर भी जलाए, एक दिन पहले 6 नगा लोगों के शव मिले थे

- नगा शव मिलने के बाद कई जिलों में हिंसा भड़क गई।
- कुलतूह कुकी गांव में दो लोगों की हत्या की गई। हत्या करने वालों की जानकारी सामने नहीं आई।

तमसा संकेत, एजेंसी



इम्फाल। मणिपुर में गुरुवार सुबह 4:55 बजे संदिग्ध उग्रवादियों के कुकी समुदाय के 2 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। 30 घरों में आग भी लगा दी गई। घटना कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव की है। एक दिन पहले कांगपोकपी जिले में नगा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद हुए थे। आशंका जताई गई है कि सभी शव उन 6 लोगों के हैं, जिन्हें 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा किया गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों की घटनाओं के बाद से इन इलाकों में तनाव का माहौल है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अग्रणी भूमिका : योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री, यूपी

# सीयू यूपी में विद्यार्थियों के इनोवेशन ने किया प्रभावित

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में स्कॉलर समिट 2026 का समापन

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता

उन्नाव / लखनऊ । देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय सीयू स्कॉलर समिट 2026 का आयोजन किया गया। इस समिट में 1500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें मुख्यतः उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के विद्यार्थी शामिल हैं।

दरअसल, यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित सीयूसीईटी (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) के



माध्यम से 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की थी। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप मिली है। इन्हीं प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान करने के लिए सीयू स्कॉलर समिट का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि को तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल हुए।

**सीयू स्कॉलर समिट 2026 में देश के अलग अलग राज्यों से आए मेधावी, दो दिवसीय समिट में 1500 मेधावियों को किया गया सम्मानित**

**सीयूसीईटी के माध्यम से 50 करोड़ की स्कॉलरशिप देकर मेधावियो के सपनों को पंख लगा रही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी**

**चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी प्रतिभाओं को खोजकर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार कर रही है : योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री**

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आकर मुझे गर्व

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री, योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें तराशने और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का एक उत्कृष्ट केंद्र है। आज यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और शोध मॉडलों को देखकर मैं निःशब्द हूं। फुटप्रिंट्स से बिजली उत्पादन जैसे अभिनव विचार यह दर्शाते हैं कि भारत का युवा केवल सीख नहीं रहा, बल्कि भविष्य के समाधान भी तैयार कर रहा है।




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य शिक्षा को तकनीक, रोजगार और संस्कार से जोड़ना है, और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी इस विज़न को प्रभावी ढंग से साकार कर रही है। यहां के विद्यार्थियों में मैंने तकनीक के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी देखी है। राष्ट्रभक्ति केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने ज्ञान, नवाचार और कर्म के माध्यम से देश को आगे बढ़ाना भी राष्ट्रसेवा है। संधू जी और उनकी टीम इसी भावना के साथ युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। आज उत्तर प्रदेश देश का उभरता हुआ उच्च शिक्षा हब बन रहा है और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जैसी विश्वस्तरीय संस्थाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन को नई गति दे रही है।

**सीयूसीईटी सिर्फ एंट्रेंस टेस्ट नहीं, देश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मिशन है : सतनाम सिंह संधू, राज्यसभा सांसद व चांसलर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी**

## सहारा की जमीन पर विधानसभा भवन बनाने की तैयारी

### यूपी, दिल्ली-दक्षिण भारत की 7 फर्मों ने दिखाई रुचि

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में गोमतीनगर में सहारा इंडिया को आवंटित रही 245 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित नए विधानसभा भवन और सचिवालय परिसर की योजना ने रफ्तार पकड़ ली है। जमीन के तकनीकी सर्वे और फिजिबिलिटी स्टडी के लिए सात कंसल्टेंसी कंपनियां मैदान में उतर आई हैं। इनमें दिल्ली की एक, उत्तर प्रदेश की 3 और दक्षिण भारत की 3 कंपनियां शामिल हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) इन कंपनियों में से एक का चयन करेगा। चयनित फर्म को जमीन का विस्तृत सर्वे कर दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर शासन तय करेगा कि प्रस्तावित विधानसभा और सचिवालय परिसर का निर्माण किस स्वरूप में किया जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक



कंसल्टेंसी कंपनी जमीन की वर्तमान स्थिति, सीमांकन, मौजूदा उपयोग, निर्माण की संभावनाओं और संभावित तकनीकी चुनौतियों का अध्ययन करेगी। रिपोर्ट को एलडीए के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। प्रदेश की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर रुचि देखने को मिली है। सर्वे के लिए कुल सात फर्मों ने आवेदन किया है। इसमें उत्तर प्रदेश की कंपनियों के साथ दिल्ली, बेंगलुरु और दक्षिण भारत की कंपनियां भी शामिल हैं। इससे माना जा रहा है कि परियोजना का आकार और महत्व काफी बड़ा है।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में भीषण गर्मी के साथ बिजली संकट

लखनऊ । लखनऊ भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट भी बरकरार है। बुधवार देर रात भी शहर के कई इलाकों में बिजली गुल रही। कुर्सी रोड स्थित सृष्टि उपकेंद्र के तहत आने वाले गुडंबा, जानकीपुरम गार्डेन और निर्मल होम्स जैसे बड़े इलाकों में रात 9 बजे से ही बिजली की ट्रिपिंग शुरू हो गई जो देर रात तक जारी रही।

पीजीआई के एकता नगर में पानी प्लांट के पास शाम को ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गया।

### विभूतिखंड थाने में धरने पर बैठे वकील

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह के खिलाफ वकीलों ने धरना शुरू कर दिया है। वकीलों का कहना है कि इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने जातिसूचक टिप्पणी की और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता विभूतिखंड थाने पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे वकीलों की मांग है कि थाना प्रभारी को तत्काल हटाया जाए और मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। स्थिति को संभालने और अधिवक्ताओं को समझाने के लिए एसीपी सौम्या पांडे भी मौके पर पहुंच गई हैं।

### 6 महीने में 261 नाबालिग लड़कियां लापता

लखनऊ। लखनऊ में पिछले छह महीनों के दौरान 261 नाबालिग लड़कियों के लापता होने या अपहरण के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 227 लड़कियों को पुलिस बरामद कर चुकी है, जबकि 34 बच्चियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पुलिस प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

# निवेश, नवाचार और रोजगार को मिलेगी नई उड़ान : केशव प्रसाद

### बड़ा कदम : खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 10 परियोजनाओं को मिली संस्तुति

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास एवं हरित ऊर्जा को समान प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की



आवश्यकता है, जो उद्योगों को लागत में राहत देने के साथ आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी.एल. मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में गठित एप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त 10 निवेश प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा एवं परीक्षण किया गया तथा निर्धारित शर्तों के साथ उन्हें स्वीकृति हेतु संस्तुत किया गया।

**उप मुख्यमंत्री मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों एवं निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।**

## लखनऊ में बोले पीयूष गोयल- यूपी एक बार फिर उन्हें नकारेगा

# 'अखिलेश यादव के ट्वीट को गंभीरता से नहीं लेती जनता'



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लखनऊ में कहा है कि जनता एक बार फिर अखिलेश यादव को ठुकराएगी। यूपी की जनता उनको सीरियस नहीं लेती। यूपी की जनता न तो अखिलेश यादव के ट्वीट को गंभीरता से लेती है और न ही उन पर विश्वास करती है।

मेरा मानना है कि जिस तरह से उन्होंने यूपी को विकास से वंचित रखा, कानून व्यवस्था बिगड़ने दिया, विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा दिया और पूरे राज्य में संतुलित विकास सुनिश्चित करने में विफल रहे, उसे जनता ने भुलाया नहीं है। पीयूष गोयल मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर



गुरुवार को लखनऊ महानगर भाजपा की ओर से कराए गए प्रबुद्ध जन विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में पहुंचे। यहां उनके साथ मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कई नेता मौजूद रहे। 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा- अगर उत्तर प्रदेश बदला है और उत्तर प्रदेश में विकास हुआ है, तो भारत की प्रगति का परचम अपने आप बुलंद होगा। यह वह प्रदेश है, जहां हिंदी और उर्दू जैसी बोलियों की उत्पत्ति का संबंध जुड़ा हुआ है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है

कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में आयोजित सम्मेलन में मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकसित भारत के विजन और विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के माध्यम से प्रबुद्ध वर्ग से संवाद स्थापित कर विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

इसी धरती पर कबीर, तुलसीदास और रविदास जैसे संतों ने जन्म लिया है।

## अनुशासनहीनता के आरोपों पर कार्रवाई, छात्रों का 10वें दिन भी धरना जारी

# लखनऊ विश्वविद्यालय में एक और छात्र का निष्कासन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक और छात्र को अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते निष्कासित कर दिया है। बीएएलएलबी के सेकेंड ईयर स्टूडेंट सत्यम यादव पर यह कार्रवाई की गई है। सत्यम को लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध किसी भी महाविद्यालय में भविष्य में प्रवेश न देने का आदेश जारी किया गया है। वहीं, LU कैंपस में निष्कासन के विरोध में सरस्वती प्रतिमा के पास धरने पर बैठे छात्रों का प्रदर्शन लगातार दसवें दिन भी जारी है। धरने पर बैठे छात्रों के समर्थन में पूर्व छात्रसंघ के पदाधिकारियों के अलावा सपा और कांग्रेस सरीखे कई विपक्षी दलों से



जुड़े लोगों के आने का सिलसिला जारी है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी छात्रों के पक्ष में खुलकर आवाज बुलंद की है। इस बीच पूर्व सांसद धनंजय सिंह का भी छात्रों के समर्थन का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में धनंजय सिंह छात्रों के फीस वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करने की बात कही है। इसी बीच गुरुवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय पहुंचा और कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा से

**कुलसचिव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, सुरेंद्र यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता अंशु अवस्थी, कुलदीप दिवाकर, संजय सिंह, अंकित तिवारी, अमित राय, श्रवण गुप्ता, अब्दुल्ला आजम, आर्यन मिश्रा और शमी खान शामिल रहे।**

मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेताओं के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई वापस लेने और बढ़ी हुई फीस पर पुनर्विचार करने की मांग उठाई।



कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया भी छात्रों के समर्थन में धरने में शामिल हुए।

### दावा जांच में आरोप सही मिले

कुलसचिव भावना मिश्रा की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, BA-LLB के चौथे सेमेस्टर के स्टूडेंट सत्यम यादव के खिलाफ डीन स्टूडेंट वेलफेयर और प्रॉक्टोरियल बोर्ड की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। आदेश में कहा गया है कि छात्र पर विश्वविद्यालय की मर्यादाओं के विपरीत आचरण करने, अनधिकृत रूप से छात्रावास और परिसर में प्रवेश करने और प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के आरोप सही पाए गए हैं।

### जांच रिपोर्ट में कई गंभीर आरोप

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, 21 मई 2026 को छात्र ने विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस के होमी जहांगीर भाभा छात्रावास में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया। इसी दिन बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) की निरीक्षण टीम के दौरे के दौरान निरीक्षण कार्य में व्यवधान डालने का भी आरोप लगाया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि छात्र ने सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं का प्रसार किया, जिससे परिसर की शांति, अनुशासन और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष : अन्नदाता के विश्वास, सम्मान और समृद्धि के स्वर्णिम वर्ष

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश की विकास यात्रा तब तक पूर्ण नहीं हो सकती, जब तक उसका किसान सशक्त, सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर न हो। इसी दूरदर्शी सोच के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किसान कल्याण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान दिया तथा खेती-किसानी से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु अनेक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण कर खेती को आर्थिक संबल प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं और फसल क्षति के समय किसानों को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया है। वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि और रिकॉर्ड सरकारी खरीद ने किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि अवसंरचना में निवेश, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रोत्साहन तथा कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देकर खेती को अधिक लाभकारी और उत्पादक बनाया गया है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़कर सिंचाई को अधिक सुलभ, किफायती और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल योजनाओं के क्रियान्वयन के नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में विश्वास, सम्मान और समृद्धि के नए अध्याय के वर्ष हैं। सरकार ने किसानों को केवल सहायता नहीं, बल्कि सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता का आधार प्रदान किया है। आज बदलते भारत में किसान हित राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है और गांवों की समृद्धि ही विकसित भारत की मजबूत नींव बन रही है।

**वारदात :** 16 साल का मुस्लिम लड़का रात 2 बजे घर में घुसा, हिंदू संगठन का प्रदर्शन

# 9 वर्षीय मूक बधिर बच्ची से रेप

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में 9 साल की मूक बधिर बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले 16 साल के मुस्लिम लड़के ने आधी रात को घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। आहट सुनकर जगी बच्ची की मां ने शोर मचाया।

स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना 10-11 जून की रात में सआदतगंज थाना क्षेत्र में हुई। वारदात के समय बच्ची और उसकी मां ही घर में थी।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए सआदतगंज थाने पहुंचे।

लगाया। सआदतगंज थाना पर प्रदर्शन किया। आरोपी के बालिग होने का दावा करते हुए उसकी उम्र का चिकित्सीय जांच कराने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस मामले को लेकर सआदगंज थाना पहुंचे। संगठन के अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह ने आरोप लगाया कि बच्ची से रेप करने वाला मुस्लिम लड़का बालिग है। लड़के की उम्र का चिकित्सीय परीक्षण करवाना चाहिए।

### सामने रहने वाला लड़का आधी रात को घर में घुसा

मां-बेटी के घर से करीब 10 कदम की दूरी पर एक मुस्लिम परिवार रहता है। सामने ही घर होने के कारण दोनों परिवारों का एक-दूसरे के यहां आना-जाना था। मुस्लिम परिवार के 16 साल के लड़के को यह पता था कि बच्ची के पिता अहमदाबाद गए हैं। गर्मी की वजह से रात में मां-बेटी दरवाजा खोलकर सोती हैं।

इस वजह से 10-11 जून की रात करीब 2 बजे वह बच्ची के घर में घुस गया। बच्ची की मां चौखट के पास जमीन पर सो रही थी। बच्ची अंदर जमीन पर सो रही थी। लड़के ने सोती हुई बच्ची के साथ रेप किया। बच्ची की छटपटाहट की आहट से उसकी मां जग गई। मां ने शोर मचाया। स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। सभी ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

> पुलिस के अनुसार, सआदतगंज थाना क्षेत्र में बच्ची मां-बाप के साथ एक कमरे के मकान में रहती है। उसके पिता काम के सिलसिले में अहमदाबाद गए थे। बच्ची और उसकी मां घर पर थी। गर्मी अधिक होने पर मां-बेटी रात में दरवाजा खोलकर सोती थीं।

## मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन

### 454 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 275 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ चयन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में वृहद कैंपस ड्राइव एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आईटीआई अलीगंज, ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउंडेशन तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त सहयोग से किया गया। रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (गुजरात), आंजनेय पावर प्रोग्रेस (लखनऊ), डी.एस. फैसिलिटी सर्विसेज (लखनऊ), त्रिवेणी अलमीरा प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा), कोटक महिंद्रा बैंक (लखनऊ) तथा असाइन सर्विसेज



(लखनऊ) सहित कुल छह कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए। राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित कंपनी प्रतिनिधियों से अधिकाधिक अभ्यर्थियों का चयन करने का अनुरोध किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को समयबद्ध रूप से जॉइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउंडेशन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं और उद्योग जगत के बीच सेतु का कार्य करते हैं। इससे प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को सीधे रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है तथा उद्योगों को उनकी आवश्यकतानुसार दक्ष एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो पाता है। प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 454 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत 275 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा अधिकतम 29,612 रुपये प्रतिमाह तक का वेतन तथा अन्य आकर्षक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# उन्नाव में बैंक जाते समय हादसा, सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े थे
# डंपर की टक्कर से जीजा-साली की मौत

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। जिले के बिहार थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में जीजा-साली की मौके पर ही मौत हो गई। पुरवा-मलौना लिंक मार्ग पर भदिया गांव के निकट तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के पास खड़े दोनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एक ही परिवार से जुड़े दो लोगों की एक साथ मौत से मंशाखेड़ा और आसपास के गांवों में शोक की लहर फैल गई है।



## सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी मिलने पर बिहार थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से फरार डंपर और चालक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए हैं।

## बैंक जाने के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, बिहार थाना क्षेत्र के मंशाखेड़ा गांव निवासी बिटोल (40) पत्नी रामकिशुन पासी तथा रायबरेली जनपद के गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के दिलीपशाह खेड़ा, गोजहरी निवासी प्रेमशंकर (55) पुत्र स्वर्गीय रामनरेश किसी कार्य से पुरवा स्थित एक बैंक जा रहे थे। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे।

## जीजा-साली के रिश्ते में थे दोनों

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक प्रेमशंकर और बिटोल रिश्ते में जीजा-साली थे। दोनों की एक साथ मौत की खबर जैसे ही परिवार तक पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण घटनास्थल तथा बाद में अस्पताल पहुंच गए। परिजनों के अनुसार बिटोल अपने पीछे चार बेटियां और तीन बेटे छोड़ गई हैं।



## टक्कर इतनी जबरदस्त कि मौके पर ही तोड़ दिया दम

*प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर की रफ्तार काफी तेज थी। वाहन चालक ने न तो गति नियंत्रित करने का प्रयास किया और न ही लोगों की मौजूदगी का ध्यान रखा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों लोग दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोग जब तक उनकी मदद के लिए पहुंचते, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना के तुरंत बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इससे लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन से फरार चालक की जल्द गिरफ्तारी और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।*

**“ बताया जा रहा है कि भदिया गांव के पास किसी कारणवश उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी थी और उसके पास खड़े थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।**

# महिला पर लोहे की रॉड से हमला

**बेटे की पिटाई का विरोध करने पर गंभीर घायल**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी के बदोसराय थाना क्षेत्र के खुर्दमऊ गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुर्दमऊ निवासी पूजा रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 9 जून की शाम करीब छह बजे उनका 16 वर्षीय बेटा शिवम गांव की एक दुकान के पास गया था। आरोप है कि पुरानी दुश्मनी के कारण अमित कनौजिया ने शिवम के साथ अभद्रता की, उसे गालियां दीं और वहां से भगा दिया। शिवम ने घर आकर अपनी मां पूजा रावत को पूरी घटना बताई। इसके बाद पूजा



रावत शिकायत करने अमित के पास पहुंचीं। आरोप है कि बातचीत के दौरान अमित ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पूजा ने इसका विरोध किया, तो अमित ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद अमित के परिवार के सदस्य छोटू, कल्लू, अल्पेश, रेनू सहित अन्य लोग भी मौके पर आ गए।

**फास्ट न्यूज**

### बाढ़ आपदा से निपटने को मॉकड्रिल

उन्नाव। उन्नाव में आगामी मानसून और संभावित बाढ़ आपदाओं से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए गुरुवार को गंगा तट स्थित आनंद घाट पर एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड के नेतृत्व में हुए इस अभ्यास में विभिन्न विभागों ने त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया।

### सड़क हादसे में घायल सेल्समैन की 13वें दिन मौत

हरदोई। हरदोई में 29 मई को हुए सड़क हादसे में घायल एक सेल्समैन की 13वें दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक का इलाज घर पर चल रहा था, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने बुधवार की रात उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र के मेंढू गांव के पास हुआ था। मृतक की पहचान सांडी कस्बे के रायटोला निवासी 21 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। वह शहर के सर्कुलर रोड पर एक बैटरी एजेंसी में सेल्समैन के तौर पर कार्यरत थे। उनके छोटे भाई रंजीत ने बताया कि 29 मई की देर शाम रोहित बाइक से घर लौट रहे थे।

### शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले जाने का आरोप

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में गुरुवार की सुबह मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती के पिता ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी बीते 9 जून को सुबह करीब 10 बजे कुछ काम के बहाने घर से निकली थी।

**बोले- अखिलेश सरकार में हिंदुओं का त्योहार मनाना पाप समझा जाता था**

# राज्यसभा सांसद बृजलाल ने नाग देवता मंदिर में झाड़ू लगाई

■ सांसद ने मंदिर परिसर में खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। गुरुवार को भाजपा राज्यसभा सांसद बृजलाल बाराबंकी के सुप्रसिद्ध मजीठा नाग देवता मंदिर पहुंचे। उन्होंने मोदी सरकार के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में नाग देवता पर दूध चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सांसद ने मंदिर परिसर में खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। पूर्व आईपीएस बृजलाल ने अयोध्या में मुलायम सरकार के कार्यकाल का एक वाकया साझा किया। उन्होंने बताया कि उस समय हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों के सामने नमाज और रोजा इफ्तार कराने



की कोशिश की गई थी। तत्कालीन एसएसपी राजू सभरवाल (जो वर्तमान में डीजी ट्रेनिंग हैं) ने इसे रोका था। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के करीबी तत्कालीन आईजी ने कहा था कि अगर वह होते तो हनुमानगढ़ी की छत पर नमाज पढ़वा देते। इसके बाद हनुमानगढ़ी के तत्कालीन महंत पर दबाव डालकर उनके घर के भीतर रोजा इफ्तार और नमाज कराई गई थी। बृजलाल के अनुसार, अखिलेश सरकार में हिंदुओं के त्योहार मनाना 'पाप' समझा जाता था। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना



साधा और कहा कि पार्टी ने कोर्ट में हलफनामा देकर भगवान राम के अस्तित्व को नकारा था। बृजलाल ने दावा किया कि अब देश से तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति पूरी तरह खत्म हो चुकी है। राज्यसभा सांसद ने तुष्टिकरण की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास और लखनऊ के सरकारी कार्यालयों से लेकर जिलों के डीएम, एसपी, कमिश्नर के घरों तक में सरकारी खर्च पर रोजा इफ्तार की दावतें होती थीं।

# 18 किलो चांदी लूटकांड, एफआईआर संशोधन की मांग

**पीड़ित ज्वेलर्स ने एसपी से खुलासे की मांग की, फायरिंग का आरोप**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में ज्वेलर्स से हुई 18 किलो चांदी की लूट के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर एफआईआर में संशोधन की मांग की है। उनका आरोप है कि प्राथमिकी में घटना के दौरान हुई फायरिंग और लूटी गई चांदी की वास्तविक मात्रा का उल्लेख नहीं किया गया, जिससे मामले की गंभीरता कम दर्ज हुई है। यह घटना औरास थाना क्षेत्र में 8 जून की शाम को हुई थी। रामपुर खझड़ी गांव निवासी ज्वेलरी कारोबारी प्रभात कुमार सोनी अपनी दुकान बंद कर करीब 18 किलोग्राम चांदी के जेवरात एक बैग में रखकर अपने छोटे भाई अतुल सोनी के साथ बाइक से घर जा रहे थे। गांव से लगभग



एक किलोमीटर पहले, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने चांदी से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर एक बदमाश ने प्रभात सोनी की कनपटी पर तमंचा तान दिया, जबकि दूसरे ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली उनके कान के पास से निकल गई। इसके बाद बदमाश चांदी के जेवरात से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद प्रभात सोनी ने डायल-112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफआईआर दर्ज की। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज करते समय उनकी पूरी बात नहीं सुनी गई और मनमाने ढंग से तहरीर दर्ज कर ली गई। प्रभात सोनी के अनुसार, प्राथमिकी में न तो फायरिंग की घटना का समुचित उल्लेख किया गया और न ही लूटी गई चांदी का वास्तविक वजन दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि लूटी गई चांदी के जेवरात की कीमत करीब 35 से 37 लाख रुपये थी। उन्होंने कहा कि घटना के समय वे बेहद घबराए हुए थे, इसलिए कुछ महत्वपूर्ण तथ्य एफआईआर में शामिल नहीं हो पाए थे। इसी कारण उन्होंने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र और प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर में संशोधन की मांग की है।

# रायबरेली में व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिला

**खून से लथपथ था, सुबह शौच के लिए निकला था, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रायबरेली। रायबरेली में एक 42 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक बाग में मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक आम के बाग से संबंधित है। मृतक की पहचान अटौरा बुजुर्ग निवासी छेदू पासवान (42) के रूप में हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, छेदू पासवान सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन 8 बजे तक वापस नहीं लौटे। सुबह जब बच्चे अपने मवेशियों को चराने के लिए बाग में गए, तो उन्होंने छेदू पासवान



का शव देखा और शोर मचाया। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस व परिजनों को सूचना दी।

परिजनों ने शव देखने के बाद छेदू पासवान की हत्या का आरोप लगाया है। उनके अनुसार, शव के पास खून के धब्बे मिले हैं और मृतक के कपड़ों पर भी खून लगा हुआ था। क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझ पाएगी।

**बाराबंकी में स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण और विकास कार्यों की समीक्षा**

# डीएम ने नगर निकायों को प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बैठक में नगर पालिका परिषद और सभी नगर पंचायतों में प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए डीएम ने बकाया वसूली में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने और सभी निकायों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।**

बाराबंकी। बाराबंकी में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित इस बैठक में जनपद के सभी नगर निकायों की स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को स्वच्छता मानकों पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी नगर निकायों को अपने क्षेत्र के तालाबों को



अतिक्रमण मुक्त रखने और उनके संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने तालाबों को स्वच्छ, सुरक्षित और जनोपयोगी बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम करने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को वार्ड स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही विकसित भारत संकल्प, जनसंवाद और जनकल्याण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। प्लास्टिक मुक्त अभियान की समीक्षा के दौरान डीएम ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने और जनजागरूकता के माध्यम से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। बैठक में निरंकार सिंह, गुंजिता अग्रवाल के साथ नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, अभियंता तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**आयोजन : मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, उच्च शिक्षा मंत्री रहे मुख्य अतिथि**

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 'सीयू स्कॉलर्स समिट-2026' आयोजित

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में गुरुवार को 'सीयू स्कॉलर्स समिट-2026' का आयोजन किया गया। इस समिट का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, छात्रवृत्ति और भावी नेतृत्व को प्रोत्साहित करना था। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और शिक्षा जगत से जुड़े लोग शामिल हुए।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और समाज के विकास की महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने युवाओं से नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने का



आह्वान किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा, तकनीक, नवाचार और नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने छात्रों को बदलते वैश्विक परिदृश्य में अवसरों और चुनौतियों से अवगत कराया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलती है

विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संसाधन, अनुसंधान सुविधाएं और उद्योग जगत से जुड़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।कार्यक्रम में शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से प्रतिभाशाली छात्रों को प्रेरणा मिलती है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलती है।

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की



विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि 'सीयू स्कॉलर्स समिट-2026' का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें बेहतर अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन छात्रों को शिक्षा, शोध और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और शिक्षा के माध्यम से विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

# पीस कमेटी बैठक, डीएम और एसपी ने की अपील

**आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की रिक्वेस्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी (डीएम) अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को एक पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक हुई। इसमें विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, प्रबुद्ध नागरिक और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में जिलाधिकारी अनुनय झा ने धर्मगुरुओं से संवाद करते हुए कहा कि हरदोई जनपद हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और



आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है। उन्होंने नागरिकों से आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था का पालन करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्योहारों के मद्देनजर बिजली, पानी, साफ-सफाई और सड़कों की मरम्मत जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर दुरुस्त करने के कड़े निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रख रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी के लिए विशेष टीमें सक्रिय की गई हैं।

एसपी ने धर्मगुरुओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। अंत में, प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों ने सभी से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस पर उपस्थित धर्मगुरुओं ने त्योहारों को पारंपरिक सौहार्द के साथ मनाने का पूरा भरोसा दिलाया।

## गरजी पोकलैंड मशीन, पीडब्ल्यूडी ने 132 भवनों की करा ली है रजिस्ट्री, 500 पुलिसकर्मी और ड्रोन तैनात

# दालमंडी में 12 मकानों का शुरू हुआ ध्वस्तीकरण

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। दालमंडी चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। अभी तक 132 मकानों को तोड़ा जा रहा है। जिसमें से 70 जमीदोज किए जा चुके हैं। वहीं गुरुवार को वाराणसी में ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई हुई। दालमंडी में आज 12 मकानों का ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। जिसके लिए 500 पुलिसकर्मियों के साथ ही साथ ड्रोन से भी निगरानी रखी गई। दालमंडी में बुलडोजर के बाद आज से पोकलैंड मशीन का भी एक्शन देखने को मिला। बता दें की पीडब्ल्यूडी इन मकानों को जल्द से जल्द हटाकर यहां की जमीन खली कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करना चाहता है। ऐसे में कार्य तेजी से करने के लिए पोकलैंड मशीन लायी गई है। पीडब्ल्यूडी के



एक्सईएन केके सिंह ने बताया - दालमंडी में गुरुवार को 12 मकानों का ध्वस्तीकरण किया जा रहा। इन सभी मकानों की रजिस्ट्री हो चुकी है। सभी को मुआवजा मिल चुका है। सभी को मुनादी के द्वारा मकान को खाली करने की सूचना पूर्व में दी जा चुकी है। ऐसे में आज सभी मकानों का ध्वस्तीकरण कराया जा रहा। PWD के अधिकारियों ने डेटा तैयार किया। इस डेटा के हिसाब से मुआवजे का आकलन किया गया था। जो लगभग 191 करोड़ रुपए हैं। अभी तक 100 से अधिक मकानों की रजिस्ट्री हो चुकी है। धीरे-धीरे मकानों का ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। आज से पोकलैंड मशीन चलेगी।

**पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को सभी मकानों की मुनादी करवाकर उन्हें 11 जून तक हर हाल में खाली करने को कहा था। इसमें मकान संख्या सीके 40/72, सीके 43/147-एफ, सीके 43/182, सीके 43/182-ए, सीके 42/11, सीके 42/9, सीके 42/7, सीके 69/28, सीके 67/5,6,7, सीके 67/21, 21-ए, डी 50/214, 215, सीके 42/97(1-3), सीके 43/168,169, सीके 43/146, सीके 42/93, 92 और सीके 42/91 पर मुनादी हुई थी।**

### अब तक 132 मकानों पर हो चुकी कार्रवाई

केके सिंह ने बताया - वाराणसी के दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में कुल 181 मकान चिह्नित किए गए थे। जिसमें से 120 मकानों पर कार्रवाई हो चुकी है। आज 12 नए मकानों पर कार्रवाई हो रही। जिसके बाद 49 मकान रह जाएंगे। उनकी भी जल्द रजिस्ट्री कर उनपर भी कार्रवाई की जाएगी। अभी तक 65 करोड़ के आस-पास मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा चुका है। वाराणसी की दालमंडी गली को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री ने अपने 51वें काशी के दौरे पर इस कार्य का शिलान्यास किया था। इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से 215.88 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। 186 भवन, दुकान स्वामियों को 191 करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में दिए जाएंगे।



भारी पुलिस फोर्स और पैरा मिलेट्री को किया गया था 29 अक्टूबर को तैनात।



9 जून 2026 से गरजना शुरू हुई है पोकलैंड मशीन।

# जूनियर के अंडर में तैनाती पर इंस्पेक्टर ने इस्तीफा दिया

### कानपुर में बोला- उनका आदेश कैसे मानूंगा, एक और ने पोस्टिंग बदलने को लेटर लिखा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के साइबर थाना में जूनियर के अंडर में तैनाती मिलने पर गुरुवार को एक इंस्पेक्टर ने इस्तीफा दे दिया। एक और इंस्पेक्टर ने खुद को साइबर थाने से हटाकर क्राइम ब्रांच में अटैच करने के लिए लेटर लिखा है। इस्तीफा देने वाले इंस्पेक्टर विनय शर्मा ने कहा- थाना प्रभारी सतीश कुमार मुझसे जूनियर हैं। आखिर जूनियर के अंडर में कैसे काम कर सकते हैं। हर चीज मुझे ही बतानी पड़ती है कि साहब क्या सही और क्या गलत। फिर डांट भी पड़ती है। ये सब ठीक नहीं है। इस्तीफा देने वाले इंस्पेक्टर ने संवाददाता से बातचीत में अपना दर्द बयां किया साइबर थाने में मौजूदा समय सतीश कुमार थाना प्रभारी हैं। साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर विनय शर्मा गुरुवार को DCP क्राइम के ऑफिस पहुंचे।




इंस्पेक्टर विनय सिंह

अपना इस्तीफा सौंप दिया। संवाददाता से फोन पर बातचीत में इंस्पेक्टर विनय शर्मा ने कहा- साइबर थाना प्रभारी सतीश कुमार 2010 या 2013 बैच के हैं, जबकि मैं 2005 बैच का हूं। मेरी साइबर थाने में पोस्टिंग हुई है, जबकि थाना प्रभारी मुझसे जूनियर हैं। आखिर जूनियर के अंडर में कैसे काम कर सकते हैं। नियमानुसार तो हमारी पोस्टिंग यहां पर होनी ही नहीं चाहिए। नियमों के मुताबिक जो मेरी समझ वाला हो या सीनियर हो, उसके अंडर में मेरी तैनाती होनी चाहिए। ये तो सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है।

**फास्ट न्यूज**

### झांसी कलेक्ट्रेट में महिला ने खुद पर उड़ेला पेट्रोल

झांसी। झांसी में गुरुवार को एक महिला अपने 2 बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची और धरने पर बैठ गई। आरोप लगाया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। ससुरालवालों ने उसे घर से निकाल दिया है। साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। कर्मचारी जैसे ही महिला को डीएम से मिलवाने ले जाने लगे, उसने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत महिला को रोक लिया।

### करोड़ों की जीएसटी चोरी का खुलासा

मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह का कथित मास्टरमाइंड अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। पुलिस के अनुसार, थाना मझोला में दर्ज एक मुकदमे की जांच के दौरान यह सामने आया कि एम/एस नेशनल ट्रेडर्स नामक एक फर्म का उपयोग केवल कागजी लेनदेन दिखाकर फर्जी खरीद-बिक्री के आधार पर जीएसटी चोरी करने के लिए किया जा रहा था।

### 6 साल की बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचला

कानपुर। कानपुर में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 6 साल की बच्ची को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर बच्ची को करीब 20 मीटर तक घसीटता रहा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए वाहन को रुकवाया। इसके बाद चालक और हेल्पर को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम करीब 8 बजे बच्ची घर से दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान कल्याणपुर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए निकल गया।

# यूपी के युवक की अमेरिकी हमले में मौत

### होर्मुज में शिप पर थे, पिता से कहा था- जल्द लौटूंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

देवरिया। यूपी में देवरिया के रहने वाले शिवानंद चौरसिया (38) की होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी हमले में मौत हो गई। वह सिंगापुर के जहाज 'MT सेत्तेबेल्लो' पर थे। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनेवाल ने इसकी पुष्टि की है। शिवानंद जहाज पर इंजन फिटर थे और करीब 9 माह पहले विदेश गए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को जहाज होर्मुज के पास से गुजर रहा था, तभी अमेरिका ने हमला कर दिया। जिसमें शिवानंद की मौत हो गई। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार सुबह घटना की जानकारी सबसे पहले दुबई में रहने वाले शिवानंद के छोटे भाई राम प्रवेश चौरसिया को दी। उन्होंने यह बात परिवार को बताई। इस पर घर में चीख-पुकार मच गई और मां और



शिवानंद चौरसिया, मृतक

पत्नी बदहवास हो गईं। पिता रामजी चौरसिया ने कहा, बेटा रोज फोन करता था। शिवानंद से आखिरी बार 8 जून को बात हुई थी। उसने मुझसे और अपनी पत्नी से करीब 20 मिनट तक बात की थी। शिवानंद ने बताया था कि उनका जहाज ओमान के तट के पास खड़ा है और वो जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। इसके बाद अचानक उनका मोबाइल बंद हो गया और फिर हमारी बात नहीं हो सकी। पूरा परिवार शिवानंद के आने का इंतजार कर रहा था। पिता बात-बात करते भावुक हो गए।

## एक हजार कर्मचारी हड़ताल पर, बरेली और रुहेलखंड डिपो की 500 बसों के पहिए थमे

# ट्रक और बस की टक्कर में रोडवेज ड्राइवर की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में बुधवार देर रात ट्रक और रोडवेज बस में टक्कर के बाद ड्राइवर प्रमोद यादव (30) की मौत हो गई। हादसे के खबर लगते ही रोडवेज कर्मचारियों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इससे कर्मचारी भड़क गए। बरेली और रुहेलखंड डिपो के एक हजार कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। इससे करीब 500 बसों के पहिए थम गए। कर्मचारी गुरुवार सुबह 6 बजे से बस अड्डे पर धरने पर बैठे हैं। नारेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने सड़कों पर बसें खड़ी कर दी हैं। इससे एक



प्रमोद यादव, मृतक

किलोमीटर से ज्यादा लंबा जाम लग गया। कर्मचारियों का कहना है कि अफसरों ने अगर समय रहते मदद पहुंचा दी होती तो प्रमोद को सही इलाज मिल जाता, शायद उनकी जान बच जाती। प्रमोद यादव परिवार के इकलौते कमाने वाले शख्स थे। अब परिवार बेसहारा हो गया है। इसलिए परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, पत्नी को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। जब तब मांगें पूरी नहीं की जाएगी। कर्मचारी काम पर नहीं लौटेंगे। कर्मचारियों की हड़ताल की सूचना मिलने के बाद परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। वे कर्मचारियों से बात कर उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारी कर्मचारियों का शोषण करते हैं। उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। इसका खामियाजा उन्हें अपनी जान देकर भुगतना पड़ता है।



### लखनऊ से बरेली लौटते समय बस का एक्सीडेंट

प्रमोद यादव हाफिजगंज क्षेत्र के रम्पुरा गांव के रहने वाले थे। वह बुधवार रात में लखनऊ से बरेली बस लेकर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे शाहजहांपुर के तिलहर क्षेत्र में उनकी बस ट्रक से भिड़ गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका कहना है कि मृतक के परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बाकी मांगों पर भी विचार किया जा रहा है।

**रोडवेज कर्मचारी श्रीपाल का कहना है कि -प्रशासन कर्मचारियों के साथ हमेशा से मनमानी करता आ रहा है। अगर बस के पहुंचने में थोड़ी से देर हो जाये और कोई यात्री फोन कर दे तो अधिकारी तुरंत फोन उठा लेते हैं लेकिन अगर कोई ड्राइवर या कंडक्टर फोन करे तो फोन नहीं रिसीव करते। कर्मचारियों का शोषण किया जाता है।**

# गंगा स्नान के दौरान युवक की डूबने से मौत

### दोस्तों संग घाट घूमने आया था, एनडीआरएफ ने शव को निकाला बाहर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित तुलसी घाट पर भोर में गंगा स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मिर्जापुर जनपद के कछवां निवासी शिवशंकर सिंह (32 वर्ष), पुत्र अनिल सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और NDRF की टीम मौके पर पहुंची। सर्च अभियान चलाकर युवक के शव को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार शिवशंकर सिंह अपने दोस्तों के साथ घाट घूमने आए थे। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 2 से 3 बजे के बीच वह तुलसी घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचे थे। स्नान के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते नदी की तेज धारा में वह लापता हो गया। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।



युवक अपने दोस्तों के साथ आया था।

घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही भेलूपुर थाना पुलिस और NDRF की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद गंगा में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। NDRF के जवानों ने करीब सुबह 8 बजे तक लगातार खोजबीन की। काफी प्रयास के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## यूट्यूब देखकर खरीदी, 3 महीने की गर्भवती थी, हॉस्टल छोड़कर काशी से भागा

# बॉयफ्रेंड ने नर्सिंग छात्रा को जबरन खिलाई अबॉर्शन पिल्स

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में 19 साल की नर्सिंग छात्रा की मौत अबॉर्शन पिल्स खाने से हुई। वह 3 महीने की प्रेग्नेंट थी। बॉयफ्रेंड ने दबाव डालकर उसे दवा खिलाई थी। बुधवार सुबह 11:30 बजे हॉस्टल की सीढ़ियों में छात्रा की खून से लथपथ लाश मिली थी। वहां काम करने आए इलेक्ट्रीशियन ने सबसे पहले छात्रा को बेहोश पड़े देखा। वह चिल्लाने लगा तो गार्ड और आसपास के लोग पहुंचे। छात्रा को शिव सर्जिकल नर्सिंग होम लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्रा की कॉल डिटेल्स खंगालीं। उसके घरवालों और हॉस्टल के गार्ड से बात की।



मो. समीर, आरोपी



### गार्ड बोला- दो दिनों से लगातार हॉस्टल आ रही थी छात्रा

बॉयज हॉस्टल के गार्ड ने बताया कि लड़की पिछले दो दिनों से लगातार हॉस्टल आ रही थी। मंगलवार को भी वह आई थी। सामने रोड स्थित किराना दुकान से लेकर कैंपस के भीतर लगे पेड़ तक उसने तीन-चार चक्कर लगाए और काफी देर तक अकेले घूमती रही। बुधवार सुबह 9:20 बजे वह सीढ़ियों से अकेले ऊपर चढ़ते हुए सीधे कमरे में गई थी। बाद में वह खून से लथपथ मिली।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ बोलीं- समय पर इलाज मिलता तो जान बच जाती

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या यादव ने बताया- अगर गर्भ तीन महीने का है तो अबॉर्शन पिल्स नहीं खानी चाहिए। ऐसे मामलों में डॉक्टर की निगरानी में गर्भपात कराया जाता है। बिना डॉक्टर की सलाह दवा खाने से जान का खतरा हो सकता है।

### बॉयफ्रेंड बोला- डॉक्टरों से बात की, लेकिन कोई अबॉर्शन को तैयार नहीं हुआ

बॉयफ्रेंड ने पूछताछ में बताया कि उनके बीच दो साल से अफेयर था। छुट्टियों में दोनों साथ घूमते थे। एक दिन उसने बताया कि वह प्रेग्नेंट है। अल्ट्रासाउंड कराया तो बात सही निकली। वह तीन महीने की प्रेग्नेंट थी। उन्होंने डॉक्टरों से बात की, लेकिन परिजनों के बिना अबॉर्शन के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। इसके बाद दोनों ने खुद ही अबॉर्शन का प्लान बनाया।

> **एसीपी सारनाथ विद्युत सक्सेना ने बताया- दो डॉक्टरों के पैनल से छात्रा के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है और इसकी वीडियोग्राफी भी की गई है। बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।**

### यूट्यूब देखकर अबॉर्शन पिल्स खरीदीं

बॉयफ्रेंड ने बताया- मेडिकल के छात्र-छात्रा होने के कारण पहले किताबें पढ़ीं, लेकिन कुछ तय नहीं कर पाए। इसके बाद यूट्यूब देखा। कई चैनल देखने के बाद अबॉर्शन की दवा खाने पर सहमति बनी। दवा लेने का तरीका भी यूट्यूब से देखा, फिर एक ब्रांड की दवा खरीदी। तय हुआ कि छात्रा बुधवार को दवा खाएगी। बुधवार सुबह 9 बजे वह घर से हम दोनों के लिए खाना लेकर हॉस्टल पहुंची। कमरे में आने के बाद वह डरी और घबराई हुई थी। जब दवा खाने को कहा गया तो उसने मना कर दिया। उस पर दबाव बनाया तो उसने कहा- हम निकाह कर लेते हैं, लेकिन मैंने उसकी बात नहीं मानी। उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन दवा खिला दी।

**मौत :** उन्नाव में 10 घंटे से लापता थे, पुलिस को सुसाइड की आशंका

# सुपर हाउस ग्रुप मैनेजर का पेड़ से लटकता मिला शव

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। यूपी के उन्नाव में सुपर हाउस ग्रुप (लेदर प्रोडक्ट कंपनी) के मैनेजर का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। वे बुधवार दोपहर किसी से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक नहीं लौटे। सुबह खेत के लिए निकले लोगों ने उनका शव पेड़ से गमछे के फंदे के सहारे लटकता देखा। इसी पेड़ के ठीक नीचे मैनेजर की बाइक भी बरामद हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने सुसाइड की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू की



योगेंद्र सिंह, मृतक

है, हालांकि परिजनों ने अब तक कोई तहरीर नहीं दी है। मृतक मूलरूप से सीतापुर जिले का रहने वाला था। मामला जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर सदर कोतवाली क्षेत्र का है। मूलरूप से सीतापुर के इमलिया गांव के निवासी योगेंद्र सिंह (40) पुत्र कृष्णपाल सिंह उन्नाव में पिछले कई सालों से सुपर-हाउस लेदर प्रोडक्ट्स फैक्ट्री में कास्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। यहीं पीडी नगर स्थित सेक्टर-सी एलआईजी कॉलोनी में पत्नी और बेटे के साथ रह रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे घर से करीब 5 किलोमीटर दूर सदर कोतवाली क्षेत्र के बेनीगंज नहर पटरी के पार राजू सिंह के खेत के किनारे स्थित एक शीशम के पेड़ से योगेंद्र का शव गमछे के फंदे से लटकता मिला। पेड़ के नीचे उनकी बाइक भी खड़ी मिली। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

### परिजनों ने नहीं दी कोई तहरीर

पुलिस ने घटना की जानकारी योगेंद्र के परिजनों को दी। मौके पर उनकी पत्नी और बेटा पहुंचा। शव देखकर दोनों फूट-फूटकर रोने लगे।

### थाना प्रभारी बोले- सुसाइड की आशंका

थाना प्रभारी चंद्रकांत (सीके) मिश्रा ने बताया- एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या करने का लग रहा है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता लग सकेगा। मामले की जांच की जा रही है। युवक के मोबाइल फोन का सीडीआर निकाला जा रहा है।



**पड़ोसियों ने बतायाझ बुधवार दोपहर करीब 2 बजे किसी से मिलने जाने की बात कहकर योंगेंद्र अपने घर से बाइक लेकर निकले थे। पर देर रात तक नहीं पहुंचे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर कुछ पता नहीं चला।**

# गोंडा में सगे भाइयों, चाचा-भतीजे समेत 5 की मौत

### घायल की मदद करने पहुंचे लोगों को एसयूवी ने टक्कर मारी

- घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां 3 को मृत घोषित कर दिया गया।
- बेटे गुलशन के शव से लिपटकर उसकी मां शांति देवी फूट-फूटकर रोने लगी।

तमसा संकेत, एजेंसी

गोंडा। यूपी के गोंडा में बुधवार देर रात सड़क हादसे में घायल युवकों की मदद कर रहे लोगों को तेज रफ्तार एसयूवी ने रौंद दिया। हादसे में दो सगे भाइयों, चाचा-भतीजे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल




हो गए। हादसा उस वक्त हुआ, जब डंपर की टक्कर से घायल एक युवक को उठाकर एंबुलेंस तक ले जाने के लिए कुछ लोग सड़क पार कर रहे थे। तभी करीब 100 की रफ्तार में एक्सयूवी ने सभी को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोग हवा में उछलकर 10-12 फीट दूर जा गिरे।

### अस्पताल पहुंचते ही 4 लोगों को मृत घोषित किया गया

घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हसन मोहम्मद (40), इम्तियाज अली (27), गुलशन (25) और संजय तिवारी (33) को मृत घोषित कर दिया। अंशुमान (10) और अल्ताफ (32) की हालत गंभीर होने पर उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां से दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में अंशुमान की मौत हो गई, जबकि अल्ताफ का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

### खोड़ा के लोगों ने बोर्ड पर लिखा सीएम योगी का नाम, बोले- अब मान्यता दिलाएंगे

# सूर्या की याद में चौराहे का नाम सूर्य चौक

## निर्णय

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के सूर्या चौहान की तेरहवीं पर एक चौराहे का नाम सूर्य चौक रख दिया गया। आयोजित शोकसभा के दौरान स्थानीय लोगों ने उनके घर के पास स्थित चौराहे का नामकरण करने का निर्णय लिया। इसके बाद चौराहे पर लगे सीमेंटेड पोल पर लोहे का बोर्ड लगाया। बोर्ड पर लाल अक्षरों में 'सूर्य चौक' लिखा है।

इसके नीचे वार्ड नंबर-13, गली नंबर-1, नवनीत विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद छपा हुआ है। बोर्ड के निचले हिस्से में सीएम योगी का नाम भी लिखा है। बोर्ड लगाए जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कई युवक बोर्ड को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं,




जबकि एक युवक बिजली और सीमेंट के पोल पर चढ़कर उसे बांधता नजर आ रहा है।

खोड़ा के लोगों ने बताया कि स्थानीय पार्षद से नगर पालिका बोर्ड बैठक में चौक को मान्यता दिलाने के लिए प्रस्ताव रखवाकर पास कराया जाएगा। बुधवार को सूर्या चौहान की तेरहवीं हुई। खोड़ा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान मां सरोज फूट-फूटकर रोईं। मां ने कहा- अब तक एक का एनकाउंटर हुआ है। बाकी लोग जेल में हैं। सरकार से बस यही मांग है कि वो जेल से बाहर न आने पाएं। अभी एक मां का बेटा गया है। कम से कम ये लोग अब किसी और मां की बेटे को तो नहीं मार पाएंगे।

### सूर्या की तेरहवीं पर पहुंचे 3 हजार लोग

तेरहवीं पर सूर्या की मां सरोज ने सीएम योगी से आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा- आरोपी किसी भी हालत में जेल से बाहर नहीं आने चाहिए। यदि आरोपी छूट गए तो वे फिर किसी और मां की गोद उजाड़ सकते हैं। सरोज ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की इच्छा भी जताई है। वहीं, स्थानीय पार्षद ने भी नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सड़क का नाम आधिकारिक रूप से सूर्य चौक किए जाने का प्रस्ताव रखने की बात कही है। कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात अभी भी है।

### बकरीद के दिन बुलाकर सूर्या के पेट में चाकू घोपा था

बकरीद के दिन (28 मई) को सूर्या (17) की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, मुख्य आरोपी असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया था।

साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका CCTV भी सामने आया था।

आरोपी असद एनकाउंटर में मारा जा चुका है, जबकि अन्य 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। इनमें असद के पिता नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) और सारिक हैं।

आरोपी फरहान ने पुलिस को बताया था कि नवाब ने असद को सूर्या की हत्या के लिए उकसाया था। उसने कहा था कि बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो।

# करनाल की गर्भवती महिला पर यूपी में चाकू से हमला

### मारपीट कर घर से निकाला, ढाई साल पहले हुई शादी, कार की डिमांड

तमसा संकेत, एजेंसी

करनाल। करनाल जिले के घरौंडा क्षेत्र के गांव मुंडीगढ़ी की एक गर्भवती महिला के साथ यूपी में दहेज को लेकर मारपीट कर जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने कार की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा, कमरे से बाहर निकाल दिया और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता महिला फरमुदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 25 अक्टूबर



2023 को गांव बडोली, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) निवासी शाहरूख के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता से अधिक खर्च करते हुए करीब 10-12 लाख रुपए खर्च किए और घरेलू सामान के साथ मोटरसाइकिल भी दी। इसके बावजूद ससुराल पक्ष इस दहेज से संतुष्ट नहीं था और शुरू से ही कार की मांग को लेकर उसे ताने दिए जाते थे। पीड़िता के अनुसार ससुराल, पक्ष के लोग लगातार गाली-गलौच और मारपीट करते रहे। उसका ससुर उस पर गलत नजर रखता था। इस मामले में पहले भी थाना घरौंडा में शिकायत दी गई थी, जिस पर 6 फरवरी 2025 को एफआईआर दर्ज हुई थी। बाद में दोनों परिवारों और कुछ समाज के लोगों के कहने पर समझौता कराया गया और उसकी मर्जी के बिना उसे फिर से ससुराल भेज दिया गया। पीड़िता ने बताया कि ससुराल लौटने के बाद कुछ समय तक व्यवहार ठीक रहा, लेकिन जल्द ही फिर से वही स्थिति बन गई। उसकी सास कार न लाने को लेकर ताने देने लगी और मारपीट करने लगी। इसी दौरान वह गर्भवती हो गई, लेकिन परिवार की इज्जत के कारण सब सहती रही और चुप रही।

## फास्ट न्यूज

### फॉरेस्टर संजय यादव 18 हजार घूस लेते गिरफ्तार

रायबरेली। रायबरेली में एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के फॉरेस्टर संजय यादव को 18 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बछरावां थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, फॉरेस्टर संजय यादव पर एक व्यक्ति से काम कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन संगठन से की थी।

### जूनियर इंजीनियरों का प्रदर्शन

मऊ। मऊ में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उत्तर प्रदेश के बैनर तले दर्जनों विद्युत कर्मचारियों और अभियंताओं ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अवर अभियंता अरुण कुमार पाण्डेय और सत्येन्द्र कुमार के निलंबन के विरोध में किया गया। सभा के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विद्युत परिवर्तकों (ट्रांसफार्मर) की क्षतिग्रस्तता कम करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे फ्यूज वायर, लग, ट्रांसफार्मर ऑयल, एलटी स्टड, ऑयल सील पैकिंग और एलटी केबल उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

### आग से परिवार का सब कुछ खाक

अम्बेडकरनगर। अंबेडकरनगर जिले की टांडा विधानसभा क्षेत्र के पृथ्वीपुर ग्राम सभा स्थित मईपुर राजभर बस्ती में भीषण आग लगने से एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। इस घटना में राजभर परिवार का सब कुछ नष्ट हो गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव मौके पर पहुंचे।

# 2 युवकों से जबरन 'जय श्रीराम' बुलवाया

### धमकाया- हिंदुस्तान में रहते हुए नारे नहीं लगा सकते

**आरोपियों ने दोनों युवकों को बाइक से गिरा दिया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की।**

तमसा संकेत, एजेंसी

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में 2 युवकों से जबरन बीच सड़क पर 'जय श्री राम' के नारे लगवाए गए। युवक प्रतापगढ़ से बाइक से आ रहे थे। तभी 6-7 लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। फिर कहा- तुम लोग हिंदुस्तान में रहते हुए 'जय श्रीराम' के नारे नहीं लगा सकते। बोलो- 'जय श्रीराम'। इन लोगों ने पीड़ितों से 25 हजार रुपए और ड्रिल मशीन भी छीन ली। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो 2-3 दिन पुरना है। इस घटना के बाद से दोनों युवकों की



तबीयत बिगड़ गई थी। साथ ही दोनों शर्म की वजह से पुलिस के पास शिकायत करने नहीं गए थे। 11 जून को परिवारवालों के समझाने पर दोनों पीड़ित कोतवाली पहुंचे और शिकायत दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई हैं। मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र का है। इस घटना के सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि 6-7 लड़कों ने बाइक से जा रहे 2 युवकों को रोक लिया। फिर दोनों युवकों को गाड़ी से गिरा दिया।

### एटा में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी ऑल्टो कार, हाथ-पैर और चेहरे की हड्डियां चूरचूर

# सड़क हादसे में ट्रेनिंग से लौट रहे इंस्पेक्टर की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

एटा। उत्तर प्रदेश पुलिस के एक इंस्पेक्टर की बुधवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद वह मुरादाबाद से एटा लौट रहे थे। बरेली-आगरा नेशनल हाईवे पर उनकी तेज रफ्तार ऑल्टो कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इंस्पेक्टर गंभीर रूप से कार में फंस गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर जनपद के काला नगला गांव




निवासी इंस्पेक्टर नवीन कुमार यादव (55) वर्तमान में एटा पुलिस लाइन में तैनात थे। वह तीन दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुरादाबाद स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी गए थे। बुधवार को प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद वह अपनी ऑल्टो कार से एटा वापस लौट रहे थे।

**एएसपी ने बताया शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार पहुंच चुका है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिवार को सुपुर्द कर दिया जाएगा। पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।**



### राहगीरों ने शुरू किया राहत कार्य

दुर्घटना के बाद हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत रुककर मदद का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में इस तरह फंस गई थी कि उसे निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद वाहन को अलग किया गया और घायल इंस्पेक्टर को बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें तत्काल वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

*इंस्पेक्टर नवीन कुमार यादव अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। परिवार मेरठ में रहता है, जहां उन्होंने अपना मकान बनवाया था। उनका बेटा ध्रुव यादव देहरादून में पढ़ाई कर रहा है, जबकि बेटी आयुषी यादव हापुड़ के पिलखुआ स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार देर रात ही एटा पहुंच गए। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।*

### एनबीडब्लू के बाद अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने पर कोर्ट में सरेंडर किया

# अपनी कार चोरी करने वाला भाजपा मंडल अध्यक्ष जेल गया

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। अपनी कार चोरी करने के आरोपी जगनेर के भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन उर्फ सोनू शर्मा ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। न्यायालय ने आरोपी देवकी नंदन को तुरंत न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

जब जगनेर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में एक बोलेरो गाड़ी (संख्याः UP 80 ET 1679) चोरी हो गई थी। इस मामले में खुद देवकी नंदन उर्फ सोनू शर्मा ने 'वादी' बनकर जगनेर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन गाड़ी न मिलने पर मामले में अंतिम रिपोर्ट (FR) लगा दी थी।

मगर, कहानी में असली ट्विस्ट तब आया जब कागारौल पुलिस की तफ्तीश में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि खुद एफआईआर कराने



वाला वादी देवकी नंदन ही इस पूरे कांड का मुख्य सूत्रधार यानी मास्टरमाइंड है। आरोपी ने इस गाड़ी को पहले ही जगनेर निवासी दीपक कुमार मंगल को बेचकर पूरी रकम ऐंठ ली थी, लेकिन गाड़ी उसके नाम ट्रांसफर नहीं की थी। इसके बाद पैसे की तंगी का हवाला देकर देवकी नंदन ने अपने सगे भाई मनमोहन शर्मा उर्फ छोटू के साथ मिलकर अपनी ही बेची हुई गाड़ी को चोरी करने की साजिश रच डाली। साजिश के तहत देवकी नंदन आगरा के भगवान टॉकीज के सामने से गाड़ी की नकली चाबी बनवाकर लाया और दीपक के घर के सामने खड़ी गाड़ी को चोरी करवा दिया। इसके बाद शातिर भाइयों ने इस गाड़ी को जयपुर के एक खरीदार पुनीत सिरोही को बेच दिया। पुलिस ने जब टोल टैक्स के मैसेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) के आधार पर जांच की तो करीब 400 पन्नों की चार्जशीट में इन दोनों सगे भाइयों के कारनामों की पूरी कुंडली खोलकर रख दी। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत द्वारा आरोपी भाइयों को समन और नोटिस भेजे गए, लेकिन गिरफ्तारी के डर और सत्ता की हनक के चलते दोनों कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। दबाब के चलाते इन्होने दोनों अग्रिम ज़मानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, लेकिन ख़ारिज करा दिया। इसी बीच दोनों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी कर दिया था। खुद को कानूनी शिकंजे में पूरी तरह घिरता देख आरोपी मंडल अध्यक्ष ने बचने की आखिरी कोशिश भी की। बीते मंगलवार को अपर जिला जज (दशम) की अदालत में देवकी नंदन की तरफ से अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई गई थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया।

अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद गुरुवार को मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन ने अदालत में सरेंडर कर दिया, जहां से उसे सीधे जेल भेज दिया गया। मामले में सरकारी वकील के साथ साथ डॉ रवि अरोरा एडवोकेट नें बहस की।

# सड़कों पर गड्ढे, हिंदू महासभा ने प्रदर्शन किया

### कहा- सड़क ध्वस्त और अधिकारी मस्त हैं, पर्यटकों दिक्कत हो रही

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर क्षतिग्रस्त सड़क और बड़े-बड़े गड्ढों को लेकर गुरुवार सुबह हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़क पर बने गहरे गड्ढों में बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने हाथों में पोस्टर भी लिए हुए थे, जिन पर ₹सड़क ध्वस्त, अधिकारी मस्त, जनता पस्त₹ जैसे नारे लिखे थे। और यही नारे लगाते हुए नजर आए। हिंदू महासभा का कहना है कि आगरा कैंट रेलवे स्टेशन शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है, जहां से प्रतिदिन हजारों



यात्री और देश-विदेश से आने वाले पर्यटक गुजरते हैं। स्टेशन के बाहर सड़क पर कई बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। हिंदू महासभा की अध्यक्ष मीरा राठौर का कहना है कि यहां जो पर्यटक आते है ताजमहल देखने के लिए वो वहां पहुंचने से पहले हॉस्पिटल पहुंच जाते होंगे। वहीं अगर यहां से गर्भवती महिला जाती है तो वह सुरक्षित नहीं पहुंच पाती होंगी। प्रदर्शन के दौरान शताब्दी एक्सप्रेस से उतरने वाले यात्रियों और पर्यटकों को गड्ढों से बचाते हुए सुरक्षित रास्ते से निकाला गया। सड़क पर प्रदर्शन और हंगामे की सूचना मिलने पर जीआरपी और थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को संभाला और नगर निगम के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया। हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर के नेतृत्व में संगठन ने नगर निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत और गड्ढों को भरवाने की मांग की।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पुलिस ने जहांगीर ...

उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा। 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं। 24 मई को आए नतीजे में जहांगीर की हार हुई। इसके बाद से जहांगीर लगभग गायब ही रहे। उन्हें न तो घर पर देखा गया और न ही पार्टी कार्यालय में। मई 2026 में जहांगीर ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी और गिरफ्तारी के खिलाफ अग्रिम जमानत मांगी थी। उनका आरोप था कि उनके खिलाफ लगातार कई आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। दुर्गापुर की घटना पर भाजपा नेता स्वाधीन राय ने कहा कि यह तृणमूल नेता के खिलाफ आम जनता के गुस्से का नतीजा है। दत्ता लंबे समय से लोगों को डरा-धमका रहे थे। स्थानीय लोग सालों से उत्पीड़न और शोषण झेल रहे थे, जिससे दत्ता के खिलाफ गुस्सा था। दत्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही टीएमसी के अन्य स्थानीय नेताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

### चार दिन में 4 ...

या अभिषेक बनर्जी के साथ। अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वे बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। उन्होंने कहा, अगर ममता दीदी को अभिषेक पर ही निर्भर रहना है, तो उनके साथ रहें और मुझे छोड़ दे। अगर उनसे अलग रास्ता चुनती हैं, तो मैं ममता दीदी के साथ हूं। उन्होंने बताया कि मुझे आधी रात को बताया गया कि केस से जुड़े वकील बदल दिए गए हैं। इनमें मैं भी था। यह अपमानजनक है। इस्तीफे के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रकाश चिक ने कहा- पश्चिम बंगाल में लोगों का फैसला भाजपा के पक्ष में था। पार्टी ने वहां सरकार बनाई। मेरे अपने चुनाव क्षेत्र में हम एक भी सीट नहीं जीत पाए। उत्तर बंगाल में भी नतीजे अच्छे नहीं रहे। इस जनादेश को देखते हुए मुझे लगा कि अब मेरे पद पर बने रहना ठीक नहीं है। इसलिए, मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आगे इंतजार कीजिए, समय के साथ सब सामने आएगा। मैं अभी बूढ़ा नहीं हूं। भविष्य में मैं क्या करूंगा, यह समय ही तय करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयल मलिक ने राज्यसभा से इस्तीफा ईमेल के जरिए भेजा है। राज्यसभा सचिवालय ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिल्ली आकर इस्तीफा सौंपने के लिए कहा है। TMC सांसद शत्रुघ्न सिन्हा- ममता बनर्जी एक स्ट्रीट फाइटर हैं। पार्टी में संकट के बावजूद उनके साथ अब भी 41% वोट शेयर है। हालांकि इससे पहले उन्होंने X पर लिखा था कि पीएम मोदी देश और समाज के मार्गदर्शक हैं। मैं आपके लंबे, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना करता हूं। सांसद सौगत रॉय ने कहा- कांग्रेस और टीएमसी का साथ काम करना जरूरी है। इतना मैं कह सकता हूं। विलय होगा या गठबंधन, यह आगे देखा जाएगा। TMC के बागी नेता रिजु दत्ता- 'युवराज का अब चक्की पीसने का समय आ गया है। वह ऐसा व्यक्ति है जो काउंसलर बनने के भी लायक नहीं था, लेकिन ममता बनर्जी ने धृतराष्ट्र की तरह आंखें बंद कर उसे राजनीति में स्थापित कर दिया। अभिषेक ने सालों तक पार्टी के सांसदों, विधायकों और नेताओं का अपमान किया। मेरे जैसे प्रवक्ताओं को गुलाम समझा गया।

### यूपी के एसीएस ...

दरअसल, यह पूरा विवाद एक महिला की याचिका से शुरू हुआ था, जिसकी नाबालिग बेटी का अपहरण हो गया था और पुलिस उसे ढूंढने में नाकाम रही थी। मामले की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस विनोद दिवाकर ने पाया कि उत्तर प्रदेश पुलिस राज्य में जांच व्यवस्था सुधारने के पुराने अदालती निर्देशों (सुभाष चंद्र केस, मई 2025) का पालन नहीं कर रही है। ऐसे में हाईकोर्ट ने गृह विभाग के मुखिया होने के चलते आईएएस संजय प्रसाद से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट के मुताबिक इसमें सरकार ने टालमटोल वाला रवैया अपनाया था। कोर्ट को बताया गया कि सरकार इन सुधारों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार के रुख को लेकर 3 जून को अपने फैसले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संजय प्रसाद के रवैये पर बेहद सख्त नाराजगी जताई थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि संजय प्रसाद का आचरण कोर्ट के अधिकार को कम करने की जानबूझकर की गई कोशिश है। उत्तर प्रदेश में पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर अदालती सुधारों को लगातार रोकने की कोशिश की जा रही है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को निर्देश दिया था कि संजय प्रसाद के इस आचरण को उनके रिकॉर्ड में रखा जाए, ताकि भविष्य में उनकी किसी भी बड़ी पोस्टिंग या प्रमोशन के समय इस पर विचार किया जा सके। हाईकोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा था कि अगर ऐसे अड़ियल अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अदालतों के आदेश सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह जाएंगे। बता दें कि हाईकोर्ट के इस कड़े रुख के खिलाफ आईएएस संजय प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट के उन सभी निर्देशों पर रोक लगा दी है जो संजय प्रसाद के खिलाफ दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट के इस रोक के बाद फिलहाल उनके सर्विस रिकॉर्ड और भविष्य की नियुक्तियों पर मंडराने वाला खतरा टल गया है।

### ट्रम्प की धमकी ...

खार्ग आइलैंड को ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा सेंटर माना जाता है। वहीं, ओमान के पास भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर अमेरिकी हमलों को लेकर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने भारतीय क्रू वाले तीसरे जहाज MT जलवीर पर भी हमला किया है। इस पर सवार सभी 20 भारतीय सुरक्षित हैं और उन्हें निकालने का काम जारी है। भारत ने इस मामले पर अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि जहाजों पर हो रहे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 48 घंटे में 24 दुश्मन ड्रोन देश के एयर स्पेस में दाखिल हुए, जिन पर सेना ने कार्रवाई की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि ईरान के हमलों से कुछ जगहों पर मामूली नुकसान हुआ, लेकिन किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि कुवैत की सेना पूरी तरह सतर्क है और देश की सुरक्षा के लिए लगातार तैयार है। अमेरिकी पत्रकार किम्बरली हैल्केट का कहना है कि ट्रम्प ईरान पर दबाव बनाने के लिए धमकी और बातचीत, दोनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके मुताबिक, ट्रम्प पहले भी कई बार ईरान पर बड़े हमले की चेतावनी दे चुके हैं।

### कुकी समुदाय के ...

इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के लीलोन वैफेई गांव से 13 मई को नगा समुदाय के 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया था। करीब 29 दिन बाद, 9 जून को कराम वैफेई गांव से 6 शव मिले। माना जा रहा है कि ये शव उन्हीं छह लोगों के हैं, जिन्हें अगवा किया गया था। पुलिस के अनुसार, सभी शव बुधवार रात करीब 2 बजे पोरोम्पाट स्थित अस्पताल लाए गए। शवों के पहुंचने की खबर मिलते ही वहां सैकड़ों लोग जुट गए। भीड़ के कारण तनाव बढ़ गया, जिसके बाद हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस घटना के विरोध में कई जगह प्रदर्शन हुए। सेनापति जिले के करोंग इलाके में कुछ लोगों ने सामान से भरे ट्रकों में आग लगा दी। नगा पीपुल्स फ्रंट (NPF) के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। वहीं, तमेंगलोंग जिले के तामेई इलाके में भी लोगों ने हंगामा किया।

# सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्डकप आज से

**खेल**

## पहली बार 12 टीमें और 33 मैच, भारत ग्रुप ऑफ डेथ में, 14 जून को पाकिस्तान से मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

10वां विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होगा। पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। इस बार 12 टीमें 24 दिनों में 33 मुकाबले खेलेंगी।

यह अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप होगा। टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड है। टीम ने 2024 में पहली बार खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया 6 ट्रॉफी के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है।

भारत कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम ने 4 बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई है। भारत इस बार ग्रुप ऑफ डेथ में है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका जैसी टीमें हैं। भारत का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान से होगा। स्टोरी में टूर्नामेंट के बारे में सबकुछ जानिए भारतीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। स्क्वॉड में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और श्रेयांका पाटिल जैसे खिलाड़ी हैं।



### खिताब का सबसे बड़ा दावेदार कौन?

6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मजबूत दावेदार मानी जा रही है। भारत, साउथ अफ्रीका और मेजबान इंग्लैंड भी खिताब की दौड़ में हैं। भारत ने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप जीता है। टीम पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। वहीं, साउथ अफ्रीका पिछले तीन ICC व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट के फाइनल खेल चुकी है।

### टूर्नामेंट की शुरुआत कब और कैसे हुई?

2009 में पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड में हुआ था। टूर्नामेंट में 8 टीमें शामिल थीं। मेजबान इंग्लैंड ही पहली चैंपियन बनी थी। शुरुआती 3 वर्ल्ड कप तक 8 टीमें खेलती थीं। 2014 से टीमों की संख्या बढ़कर 10 हुई। 2026 में पहली बार 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंग्लैंड 17 साल बाद वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है।



### पहली बार क्या हो रहा है?

पहली बार 12 टीमें: यह विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का पहला एडीशन होगा। जिसमें 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इससे पहले 10 टीमें खेली थीं।

नीदरलैंड्स का डेब्यू: नीदरलैंड्स पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप खेलेगा। टीम ने ग्लोबल क्वालिफायर में चौथा स्थान हासिल कर टूर्नामेंट में जगह बनाई।

भारत का प्रदर्शन कैसा रहा है?

भारत ने अब तक सभी 9 वर्ल्डकप खेले हैं। टीम 2020 में पहली और इकलौती बार फाइनल में पहुंची थी। उसे ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। भारत 4 बार सेमीफाइनल तक भी पहुंचा है। भारत ने टूर्नामेंट में 40 मैच खेले हैं। इसमें 22 जीते और 18 हारे हैं। उसका जीत प्रतिशत 55% रहा है।

> टूर्नामेंट के सभी 33 मैच इंग्लैंड के 7 मैदानों पर खेले जाएंगे। फाइनल लॉर्ड्स में और दोनों सेमीफाइनल द ओवल में खेले जाएंगे।

> भारतीय टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम का सबसे बड़ा मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से होगा। 21 जून को भारत और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे। ग्रुप-ए को इस बार 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें हैं।

### टूर्नामेंट किस फॉर्मेट में खेला जाएगा?

12 टीमों को 6-6 के दो ग्रुप A और B में बांटा गया है। ग्रुप स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। इसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी।




# मैक्सिको और साउथ अफ्रीका में ओपनिंग मैच

## फुटबॉल वर्ल्ड कप आज रात से शुरू होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फुटबॉल के सबसे बड़े इवेंट FIFA वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत शुक्रवार रात से होने जा रही है। पहले दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच मैक्सिको सिटी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से शुरू होगा।

दिन का दूसरा मैच साउथ कोरिया और चेक रिपब्लिक के बीच ग्वाडलाहारा स्टेडियम में होगा। यह मुकाबला 12 जून को सुबह 7:30 बजे से खेला जाएगा। पहले दिन खेलने वाली चारों टीमें ग्रुप- A में मौजूद हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 4 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 2 मुकाबले मैक्सिको ने जीते हैं, जबकि साउथ अफ्रीका 1 मैच जीतने में सफल रही। वहीं 1 मुकाबला ड्रॉ रहा है। FIFA वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का सिर्फ 1 बार 2010 में आमना-सामना हुआ। वह मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ था।

फुटबॉल रैंकिंग के लिहाज से मेजबान मैक्सिको की स्थिति बेहद मजबूत है। मैक्सिको फिलहाल दुनिया की 15वें नंबर की टीम है। इसके उलट साउथ अफ्रीका की टीम रैंकिंग में 60वें पायदान पर है।



> वर्ल्ड फुटबॉल रैंकिंग में साउथ कोरिया 25वें स्थान पर है। वहीं चेक रिपब्लिक की टीम 41वें पायदान पर है। रैंकिंग में बड़ा अंतर होने के बावजूद हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को देखते हुए रोमांचक मैच की उम्मीद की जा रही है। साउथ कोरिया से स्ट्राइकर ह्युंग-मिन पर नजर होंगी। वहीं चेक रिपब्लिक का दारोमदार अनुभवी मिडफिल्डर तोमस सूचेक पर होगा।

# रोहित शर्मा समेत सभी खिलाड़ी मैदान में पहुंचे, कल हिमाचल के लिए होंगे रवाना

## धर्मशाला में भारत-अफगानिस्तान के बीच पहला ओडीआई मैच

**मोहाली, एजेंसी**

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम पूरे उत्साह में नजर आ रही है। अब टीम की तैयारी 13 जून को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में होने वाले अगले मुकाबले को जीतने की स्ट्रेटजी से जुट गई है। इसके लिए भारतीय और अफगानिस्तान की टीमें मोहाली स्थित आईएस बिंद्रा स्टेडियम में अभ्यास कर रही हैं। दोनों टीमें वीरवार को धर्मशाला के लिए रवाना होंगी। भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी चंडीगढ़ पहुंच चुके हैं और लगातार नेट्स में पसीना बहा रहे हैं। हालांकि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं, जिससे टीम को झटका लगा है।




मोहाली पहुंचे राहित शर्मा, इसके बाद पीसीए मोहाली में अभ्यास करते खिलाड़ी।

भारत ने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम को एक पारी और 300 रनों के विशाल अंतर से मात दी है। इससे पहले भारत की सबसे बड़ी जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ (एक पारी और 272 रन, 2018) थी।

भारत ने पहली पारी में 564/8 (घोषित) का स्कोर बनाया, जो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में उनका अब तक का सबसे बड़ा टीम स्कोर है।

युवा स्पिनर मानव सुथार ने अपने डेब्यू मैच की पहली पारी में 33 रन देकर 6 विकेट झटके। वह भारत के लिए डेब्यू टेस्ट की एक पारी में 6 विकेट लेने वाले चुनिंदा गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

> भारतीय टीम मोहाली स्थित पीसीए स्टेडियम पहुंच गई है। मैदान में रोहित शर्मा शुभमन गिल समेत सभी स्टार प्लेयर मौजूद थे। हालांकि यह प्रेक्टिस सभी के लिए जरूरी नहीं है। हालांकि टीम चंडीगढ़ के होटल में ठहराई गई है।



### मैच जल्दी खत्म होने से मिला समय

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू हुआ था, जो 10 जून तक चलना था। लेकिन भारत के शानदार प्रदर्शन के चलते मैच 8 जून 2026 को ही समाप्त हो गया। भारत ने यह मुकाबला एक पारी और 300 रन से जीता था। टेस्ट और वनडे टीम के खिलाड़ी अलग-अलग हैं। ऐसे में पहले तय किया गया था कि सभी खिलाड़ी 10 जून को चंडीगढ़ में एकत्रित होंगे।

इसके बाद 11 जून को दोनों टीमें चार्टर्ड विमान से धर्मशाला रवाना होंगी। वहां पहुंचने के बाद टीम मैच की तैयारियों में जुटेगी। टेस्ट मैच समय से पहले समाप्त होने के कारण खिलाड़ियों को एक अतिरिक्त दिन का समय मिल गया।

**मनोरंजन**

# पंजाबी एक्ट्रेस ने बादशाह को बताया पति देव

## ईशा रिखी ने रैपर के साथ फोटो शेयर कर कहा- मेरी शादी हो चुकी है

नई दिल्ली। पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी ने सोशल मीडिया पर रैपर और म्यूजिक प्रोड्यूसर बादशाह के साथ एक तस्वीर शेयर की है और बादशाह को पति देव बताया है। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर चल रही चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं और इसे दोनों के रिश्ते की सार्वजनिक पुष्टि मान जा रहा है।

दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने ईशा से सवाल पूछा, ₹मैम, आपकी और बादशाह भाई की शादी हो गई है, फिर आप दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो क्यों नहीं करते? इस पर ईशा ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मुझे लगता है कि अब इन सवालों की बाढ़ आ गई है। 'क्या आपकी शादी हो गई है?', 'क्या आपकी शादी बादशाह से हुई है?', 'आप दोनों एक-दूसरे को फॉलो क्यों नहीं करते?', 'आप साथ में तस्वीरें क्यों नहीं पोस्ट करते?' जैसे सवाल लगातार पूछे जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, हां, मेरी शादी हो चुकी है।



### बादशाह संग तस्वीर भी की शेयर

एक अन्य यूजर ने पूछा कि अगर वह बादशाह की पत्नी हैं, तो उन्होंने अब तक उनके साथ एक भी फोटो क्यों पोस्ट नहीं की। सबको हैरान करते हुए ईशा ने बादशाह के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में ईशा बादशाह की गोद में बैठी नजर आ रही हैं, जबकि बादशाह उन्हें गले लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं।



> ईशा रिखी पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस और मॉडल हैं। वह जट्ट बॉयज पुट जट्टान डे, हैप्पी गो लकी और अरदास जैसी कई पंजाबी फिल्मों में काम कर चुकी हैं और बॉलीवुड फिल्म नवाबजादे में भी नजर आ चुकी हैं।



# लोटपोट कर देगी 2000 करोड़ी फिल्म

## कॉमिक टाइमिंग में अक्षय पर भारी दलेर मेंहदी!

नई दिल्ली। अक्षय कुमार की मोस्ट एंटीसिपेटेड कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म का ट्रेलर एंटरटेनमेंट से भरा हुआ है। फिल्म में कॉमेडी के महारथी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। अहमद खान के निर्देशन में बनी वेलकम टू द जंगल, 2007 में आई कल्ट फिल्म वेलकम (Welcome) फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी है। इस फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म वेलकम बैक 2015 में आई थी जिसमें अक्षय कुमार (Akshay Kumar) नहीं थे। अब 19 साल बाद वेलकम में अक्षय की वापसी हो रही है और इस बार उनके साथ कई कॉमेडी किंग्स भी धमाल मचाने आ रहे हैं। वेलकम टू द जंगल इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से 15 दिन पहले ही फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म आपको कल्ट क्लासिक मूवीज की याद दिल देगी। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत 2000 करोड़ी फेक फिल्म के टाइटल से होती है। मतलब एक फिल्म बन रही है जो एक्शन से भरपूर होगी, लेकिन रियल में उसमें सिर्फ और सिर्फ कॉमेडी होगी।



# 'शवों के प्राइवेट पार्ट्स का उड़ता है मजाक'

## '370 की बिरयानी' विवाद के बीच प्रणित मोरे के शो का एक और वीडियो वायरल

नई दिल्ली। '370 रुपए की बिरयानी' वाले वीडियो के बाद कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सेजल पवार नाम की एक डॉक्टर और इन्फ्लुएंसर ने कहा था कि वे और उनके साथी मेडिकल स्टूडेंट कॉलेज (KEM हॉस्पिटल, मुंबई) में मेडिकल रिसर्च और डिसेक्शन के लिए दान किए गए पुरुषों के शवों के प्राइवेट पार्ट्स को देखते और उनका मजाक उड़ाते थे।

विवाद बढ़ने के साथ सेजल ने माफी मांगते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी।

एक इंस्टा पोस्ट में उन्होंने लिखा, हाल ही में मेरा एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसे दोबारा देखने के बाद मैं पूरी तरह समझती हूं कि मेरी बातों से लोगों को क्यों ठेस पहुंची और वे नाराज क्यों हुए। जिस विषय पर मैंने बात की थी, वह काफी संवेदनशील है। मेरी टिप्पणियां ऐसे तरीके से सामने आईं, जैसा उन्हें नहीं आना चाहिए था। मेरा किसी का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि इरादे से ज्यादा मायने इस बात के होते हैं कि लोगों पर उसका क्या असर पड़ा। उन्होंने आगे लिखा,मैं अपनी कही बात का बचाव करने या कोई बहाना बनाने नहीं आई हूं। मैं अपनी गलती की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे एहसास होता है कि मेरी बातों का मतलब लोग उस तरह निकाल सकते थे, जैसा मेरा इरादा नहीं था। एक छात्र के रूप में यह मेरे लिए सीखने का अनुभव रहा है। इस घटना ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया है कि मुझे अपनी बात और अधिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ रखनी चाहिए, खासकर उन विषयों पर जो गंभीरता और समझ की मांग करते हैं।



### सोशल मीडिया पर बयान को लेकर नाराजगी

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसको लेकर नाराजगी जताई और यह भी सवाल उठाया कि इस वीडियो पर रिएक्शन उतना ज्यादा क्यों नहीं दिख रहा, जितना हिमांशु जांगड़ा के बयान पर देखने को मिला था।

> वहीं, प्रणित मोरे पहले से ही बिरयानी विवाद को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर विरोध के बाद उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट या डीएक्टिवेट कर दिया है। वहीं, बिरयानी वाले कमेंट करने वाले हिमांशु जांगड़ा को नौकरी से निकाल दिया गया।

# जैकलीन के केस से जज ने खुद को अलग किया

> सुकेश से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई अब दूसरी बेंच करेगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की उस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय करने के दिल्ली अदालत के आदेश को चुनौती दी है।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस अतुल एस. चांदुरकर की बेंच ने सुनवाई की शुरुआत में जैकलीन के वकील और प्रवर्तन निदेशालय (ED) को बताया कि मामला किसी अन्य बेंच के सामने लिस्ट किया जाएगा।

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि एक संबंधित मामले में उनके बेटे सरकार की ओर से पेश हो चुके हैं। उन्होंने मामले को 25 जून को ऐसी बेंच के सामने लिस्ट करने का निर्देश दिया, जिसमें दोनों में से कोई एक सदस्य न हो। दिल्ली की एक अदालत ने 30 मई को जैकलीन फर्नांडिस, कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और 15 अन्य लोगों के खिलाफ 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया था। जैकलीन 3 जून को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुई थीं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया था।

यह पूरा मामला हाई-प्रोफाइल ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है। सुकेश पर आरोप है कि उसने दिल्ली की रोहिणी जेल के अंदर से ही फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से 200 करोड़ रुपए की जबरन वसूली की थी। जांच एजेंसी ED का दावा है कि सुकेश ने इसी वसूली की रकम का एक बड़ा हिस्सा जैकलीन फर्नांडिस और उनके परिवार पर खर्च किया था।



## ओमान के तट पर मौजूद था, कल होर्मुज में अमेरिकी हमले में 3 भारतीय मारे गए

# भारतीय क्रू वाले जहाज पर लगातार दूसरे दिन हमला

**जंग**

**तेल अवीव, एजेंसी**

ओमान के तट के पास गुरुवार को भारतीय क्रू वाले जहाज MT जलवीर पर हमला हुआ है। हमले के बाद इस पर आग लग गई है। हमला किसने किया, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

घटना के बाद भारतीय दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

इससे पहले होर्मुज स्ट्रेट के पास बुधवार को तेल टैंकर 'MT सेत्तेबेल्लो' पर हुए अमेरिकी हमले



में 3 भारतीयों के मौत की पुष्टि हो गई है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसे लेकर अमेरिकी सेना ने कहा था कि सेत्तेबेल्लो ईरानी तेल ले जा रहा था। उसने चेतावनियों की अनदेखी की, जिसके बाद उस पर हमला किया गया।

यह इस हफ्ते दूसरा मामला है जिसमें भारतीय क्रू वाले जहाज पर अमेरिका ने अटैक किया है। इससे पहले सोमवार को अमेरिका ने तेल टैंकर द मैरिवेक्स पर हमला किया था।

**जैसे ही हमले का सायरन बजता, जहाज के सभी 22 कर्मचारी भागकर नीचे इंजन रूम में छिप जाते थे। बाहर आसमान में मिसाइलें, ड्रोन और फाइटर जेट चक्कर काट रहे होते थे और अंदर सब अपनी जान बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करते थे।**

### ईरान बोला- अमेरिका के साथ हुए सीजफायर का अब कोई मतलब नहीं

ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमलों की वजह से 8 अप्रैल को लागू हुआ सीजफायर अब बेमतलब रह गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन हमलों के कारण क्षेत्र में तनाव खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। अब जो भी रिजल्ट निकलता है, उसकी जिम्मेदारी अमेरिकी की होगी।

ईरान ने मिडिल ईस्ट के दूसरे देशों को भी चेतावनी दी है। कहा कि जो देश अमेरिका को अपनी जमीन, सैन्य ठिकानों या दूसरी सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान पर हमला करने के लिए देंगे, उन्हें भी हमलावरों के साथ खड़ा माना जाएगा।

### फंड रिलीज करने को लेकर अमेरिका-ईरान की बातचीत जारी

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच जब्त हुए ईरानी फंड (फ्रोजन एसेट्स) को जारी करने के तरीके पर बातचीत चल रही है। दोनों देश एक प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं और इसी वजह से बातचीत तेज हो गई है। रिपोर्ट में तीन ईरानी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि दोनों देशों में बातचीत पूरी तरह बंद नहीं हुई है। वार्ता पर्दे के पीछे जारी है। बातचीत का सबसे अहम मुद्दा विदेशी बैंकों में फंसे ईरान के तेल राजस्व को जारी करना है। ईरान चाहता है कि उसे तुरंत 6 अरब से 12 अरब डॉलर तक की रकम मिल जाए, जबकि अमेरिका स्टेप बाय स्टेप तरीके से फंड जारी करने और उसका इस्तेमाल मानवीय जरूरतों तक सीमित रखने के पक्ष में है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पक्ष एक राजनीतिक ढांचे पर काफी हद तक सहमत हो चुके हैं, लेकिन फंड जारी करने की व्यवस्था और शर्तों पर अभी बातचीत जारी है।



**जैसे ही हमले का सायरन बजता, जहाज के सभी 22 कर्मचारी भागकर नीचे इंजन रूम में छिप जाते थे। बाहर आसमान में मिसाइलें, ड्रोन और फाइटर जेट चक्कर काट रहे होते थे और अंदर सब अपनी जान बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करते थे।**

### अमेरिका ने ओमान सागर में ईरानी जहाज पर हमला किया

ईरान के होर्मुजगान प्रांत के अधिकारियों ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह ओमान सागर में एक ईरानी मालवाहक नौका पर अमेरिकी मिसाइल से हमला किया गया।

सिरिक शहर के गवर्नर रजा शाहिदियान के मुताबिक, यह 150 टन क्षमता वाली पारंपरिक मालवाहक नौका थी। इसमें पांच क्रू मेंबर्स थे। शाहिदियान ने बताया कि हमला ओमान के खासाब पोर्ट से करीब 8 किमी दूर हुआ।

### ईरान बोला- अमेरिका के 18 मिलिट्री बेस को तबाह किया

ईरान ने दावा किया है कि उसने गुरुवार सुबह अमेरिकी सेना के हमले का जवाब देते हुए कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है।

ईरानी सरकारी न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक, IRGC की एयरोस्पेस फोर्स और नौसेना ने कुवैत के अली अल सलेम और अहमद अल जाबेर एयर बेस के साथ-साथ बहरीन के शेख ईसा एयर बेस समेत अमेरिका के 18 अहम मिलिट्री बेस को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। हालांकि ईरान के इन दावों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

**फास्ट न्यूज**

### 'एप्स्टीन ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को लेकर मुझे ब्लैकमेल किया था'

वाशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने बुधवार को सांसदों के समक्ष बंद कमरे में हुई पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि जेफरी एपस्टीन से मिलना एक बड़ी भूल थी। कलंकित फाइनेंसर एपस्टीन के साथ अपने संबंधों को लेकर घिरे गेट्स ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि उन्हें शुरुआत में ही एपस्टीन से कभी नहीं मिलना चाहिए था।

### ओपेनडोर ने भारत में बंद किया कामकाज

वाशिंगटन। अमेरिका स्थित रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी कंपनी ओपनडोर ने भारत में अपना कामकाज पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है, जिससे कंपनी के लगभग 250 भारतीय कर्मचारी प्रभावित होंगे। कंपनी का मानाना है कि परिचालन संबंधी कार्यों को अमेरिकी बाजार के करीब रहकर ही बेहतर ढंग से संभाला जा सकता है। कंपनी के सीईओ काज नेजातियान के अनुसार, यह कदम किसी प्रदर्शन की कमी के कारण नहीं, बल्कि कंपनी की व्यावसायिक रणनीति का हिस्सा है। ओपनडोर 2.0 रणनीति के तहत इन पदों को अमेरिका में ग्राहकों के करीब स्थानांतरित किया जा रहा है।

### चीन में बिना गड़बड़ी के हुई 1.3 करोड़ छात्रों की परीक्षा

बीजिंग। भारत में इस समय जहां NEET-UG परीक्षा में पेपर लीक को लेकर विवाद देखने को मिल रहा है। वहीं, इस बीच चीन में दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षा संपन्न हुई है। इस परीक्षा में रिकॉर्ड 1.3 करोड़ छात्र शामिल हुए। छात्रों को परीक्षा के दौरान कोई असुविधा न हो और वे पूरी एकाग्रता के साथ पेपर दे सकें, इसके लिए पूरे देश ने एकजुटता दिखाई।

## सोना 1,562 गिरकर 1.45 लाख का 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के दाम में आज यानी 11 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,562 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए हो गए हैं।

31 मई को सोना 1.56 लाख पर था। यानी 11 दिन में ही ये 11 हजार रुपए सस्ता हुआ है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत आज 257 रुपए बढ़कर 2.33 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 31 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 133 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है।



**इस महीने 11 हजार सस्ता हो चुका, 1 किलो चांदी की कीमत आज 257 बढ़ी**

मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर 'कैश' इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।

## प्रदर्शनकारियों के निशाने पर प्रवासी, घर-दुकानें लूटीं, गाड़ियों में आग लगाई

# सिर काटने की कोशिश के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़के दंगे

**लंदन, एजेंसी**

आयरलैंड के बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बुधवार को बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया। बेलफास्ट के न्यूटाउनाड्र्स रोड पर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया शैंकिल में दो दुकानें लूट ली गईं और एक अफ्रीकी प्रवासी की दुकान को आग के हवाले कर दिया गया। बेलफास्ट में नकाबपोशों ने कई घरों को निशाना बनाया है। कुछ जगह 'विदेशियों को निकालो' जैसे नारे भी लगाए। स्थानीय पादरी जैक मैकी ने बताया कि लोग सिर्फ प्रवासी होने के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए। सैंडी रो इलाके में सूडानी दुकानदारों ने दुकानें जल्द बंद कर दीं। बेलफास्ट इस्लामिक सेंटर ने शाम की नमाज रोक दी। दिग्गज कारोबारी इलॉन मस्क ने भी सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर करते हुए कहा- जोरदार प्रदर्शन से ही बदलाव आएगा। ब्रिटेन की कट्टरपंथी पार्टी रिफॉर्म यूके ने घटना को प्रवास नीति का नतीजा बताते हुए वीजा प्रतिबंध की अपनी पार्टी की बात दोहराई। वहीं, सांसद क्लेयर हन्ना ने मस्क, रिफॉर्म यूके के चीफ नाइजल फराज व अन्य को हिंसा का जिम्मेदार ठहराया।



सूडानी शरणार्थी ने आयरिश व्यक्ति का गला काटने की कोशिश करते हुए।

**लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर व स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी प्रवासी विरोधी प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई।**

### वीडियो वायरल होते ही लोग ड़कों पर उतरे

हिंसा की शुरुआत बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हुई। सूडान के एक शरणार्थी का एक आयरिश व्यक्ति से विवाद हो गया था। इसी बीच हादी ने चाकू से उसका गला काटने की कोशिश की थी। हमले में 40 वर्षीय आयरिश व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस वारदात का वीडियो वायरल होते ही प्रदर्शन की अपीलें तेज हो गईं थीं।

पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी घटना का आरोपी हादी अलोदिद सूडान से पेरिस और फिर डबलिन आया था। 2023 में वह बेलफास्ट पहुंचा और शरण मांगी। उसे ब्रिटेन में 2028 तक रहने की अनुमति मिल गई थी।





### प्रवासी विरोधियों पर हिंसा भड़काने के आरोप

दक्षिणपंथी और प्रवासी विरोधियों ने सोशल मीडिया पर चाकूबाजी की घटना का वीडियो तेजी से फैलाया। कट्टरपंथी व प्रवासी-विरोधी टॉमी रॉबिनसन ने वीडियो शेयर करते हुए पूरे ब्रिटेन में लोगों से 'सड़कों पर उतरने' की अपील की थी। इसके बाद मास्क पहने हजारों लोगों की भीड़ सड़कों पर जमा हो गई।

## 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर, दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक

# पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर हुआ क्रैश

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक MI-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी PoK के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक तैनात कर रही है। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब मुजफ्फराबाद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। हाल के दिनों में वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। इसकी वजह यह थी कि एक विरोध आंदोलन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन करने का ऐलान किया था, जबकि स्थानीय सरकार ने उस संगठन पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगा दिया था।



**"मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।**

### सोवियत संघ के टूटने के बाद पाकिस्तान ने हेलिकॉप्टर खरीदा

जो हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वह Mi-17 था। यह रूस में बना सैन्य हेलिकॉप्टर है। भारत समेत दुनिया के कई देशों की सेनाएं इसका इस्तेमाल करती हैं। सोवियत संघ के टूटने के बाद पाकिस्तान ने रूस से यह हेलिकॉप्टर खरीदे थे। बाद में पाकिस्तान ने इसके कई अपग्रेड वर्जन भी खरीदे।

### आर्मी चीफ मुनीर ने हादसे की जांच का आदेश दिया

सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत सेना के सभी अधिकारियों और जवानों ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर शोक जताया। दोनों नेताओं ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि पूरा देश इन सैनिकों के बलिदान को सलाम करता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश इन बहादुर सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने मृतकों के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

## लंदन में बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व जज को लगातार मिल रही धमकियां

**लंदन, एजेंसी**

बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व जज गौतम पटेल और उनके परिवार को लंदन में कड़ी सुरक्षा दी गई है। यह कदम तब उठाया गया जब उनके परिवार को लगातार धमकियां मिलीं और उन पर शारीरिक हमले भी हुए।

बता दें कि पूर्व जस्टिस पटेल की बेटी ब्रिटिश नागरिक हैं और लंदन में रहती हैं। बीते 5 जून को उनके लंदन स्थित घर पर जान से मारने की धमकी भरा एक पत्र मिला। इससे कुछ ही दिन पहले उन पर जानलेवा हमला भी हुआ था।

मामले में जस्टिस पटेल ने सोमवार को बताया कि कुछ दिन पहले उनकी बेटी पर उनके घर के पास ही एक नकाबपोश और टोपी पहने शख्स ने हमला कर दिया था। उस हमलावर ने उनकी बेटी पर ताबड़तोड़ कई घूंसे भी बरसाए थे।

वहीं इस मामले में ब्रिटेन पुलिस ने इस मामले पर बयान जारी करते हुए कहा है कि डिटेक्टिव्स इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। इसमें अगस्त 2025 में घर में चोरी की कोशिश और धमकी भरा पत्र मिलना, अप्रैल 2026 में हुआ शारीरिक हमला और अब जून 2026 में मिली ताजा धमकियां शामिल हैं। जज के परिवार को पूरी सुरक्षा मुहैया करा दी गई है।



जस्टिस पटेल के मुताबिक, इन हमलों और धमकियों का संबंध उनके द्वारा अप्रैल 2024 में सुनाए गए एक ऐतिहासिक फैसले से है। यह मामला दाऊदी बोहरा समुदाय के आध्यात्मिक नेता 'सैय्यदना' के उत्तराधिकार और नाम से जुड़ा हुआ था। अपने फैसले में जस्टिस पटेल ने सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दावे को सही ठहराया था और उन्हें समुदाय का 53वां दाई व नेता माना था।

**आरोप : कैलिफोर्निया में भारतीय नागरिक संदीप सिंह गिरफ्तार**

# जर्मनी में हत्या का प्रयास कर अमेरिका भागा

**लंदन, एजेंसी**

अमेरिकी अप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (ICE) एजेंसी ने कैलिफोर्निया से एक 40 वर्षीय भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह शख्स जर्मनी में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। एजेंसी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम संदीप सिंह है। संदीप को कैलिफोर्निया के फेयरफील्ड इलाके से हिरासत में लिया गया है।

मामले में 'इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट' (ICE) सैन फ्रांसिस्को की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई जानकारी के मुताबिक, संदीप सिंह साल 2023 में मैक्सिको के रास्ते गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। जर्मनी में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का वारंट जारी है।

दूसरी ओर कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में साल 2026 की शुरुआत में परमिंदरपाल सिंह नाम के एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, परमिंदरपाल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें लूटपाट और हमले जैसी हिंसक वारदातें शामिल हैं। उसे भी देश से बाहर भेजने की कानूनी प्रक्रिया जारी है।





**"फिलहाल संदीप को हिरासत में रखा गया है और उसे डिपोर्ट (भारत या जर्मनी वापस भेजने) करने के लिए कानूनी कार्यवाही चल रही है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने अभी तक जर्मनी वाले मामले की ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।**

### अमेरिका के अन्य राज्यों में भी हुई भारतीयों पर कार्रवाई

बता दें कि ICE पिछले कुछ समय से आपराधिक बैकग्राउंड वाले या अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रहा है। इसी के तहत हाल ही में कुछ अन्य भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में न्यू जर्सी के नेवार्क में ICE ने उबैदुल्लाह अब्दुलराशिद रेडियोवाला नाम के एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया है। इस पर हत्या के प्रयास और जबरन वसूली जैसे गंभीर आपराधिक आरोप हैं। गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड होने की वजह से उसे अमेरिका से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# फर्जी लाइसेंस से 17 साल तक उड़ाईं 900 से अधिक फ्लाइट्स

## रूटीन जांच में धोखाधड़ी का खुलासा, सुरक्षा पर सवाल नहीं

**ओटावा, एजेंसी**

एअर कनाडा के एक कैप्टन ने बिना लाइसेंस के करीब 17 साल तक सैकड़ों यात्री विमान उड़ाता रहा। पूर्व एअर कनाडा पायलट जेफ्री वॉल पर आरोप है कि उन्होंने साल 2009 से 2025 के बीच 900 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भरीं, जबकि उनके पास कैप्टन बनने के लिए अनिवार्य एअरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस फॉर एअरोप्लेन नहीं था। पायलट क्रेडेंशियल्स में लंबे समय से की जा रही इस धोखाधड़ी के बाद जेफ्री वॉल को 1 जून को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस धोखाधड़ी के दौरान जेफ्री वॉल ने बोइंग 767, 777 और 787 जैसे बड़े और आधुनिक विमान उड़ाए। उन्होंने इन उड़ानों के जरिए हजारों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया और वेतन के रूप में लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक कमाए।

ओंटारियो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पील रीजनल पुलिस के डिप्टी चीफ मिलिनोविच ने कहा, ₹इस जांच और इससे जुड़े विवरण किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह लगते हैं। आरोपी पायलट इन कमांड के पद तक पहुंच गया और लगभग 17 वर्षों तक बोइंग विमान उड़ाता रहा। जेफ्री वॉल पूरी तरह से अयोग्य विमान चालक नहीं थे। एअर कनाडा के साथ अपने 27 साल के करियर के दौरान उनके पास एक कमर्शियल पायलट लाइसेंस था और उन्हें कानूनी रूप से कमर्शियल विमान उड़ाने की अनुमति थी।





**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676

## ओमान के तट पर मौजूद था, कल होर्मुज में अमेरिकी हमले में 3 भारतीय मारे गए

# भारतीय क्रू वाले जहाज पर लगातार दूसरे दिन हमला

**जंग**

**तेल अवीव, एजेंसी**

ओमान के तट के पास गुरुवार को भारतीय क्रू वाले जहाज MT जलवीर पर हमला हुआ है। हमले के बाद इस पर आग लग गई है। हमला किसने किया, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

घटना के बाद भारतीय दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

इससे पहले होर्मुज स्ट्रेट के पास बुधवार को तेल टैंकर 'MT सेत्तेबेल्लो' पर हुए अमेरिकी हमले



में 3 भारतीयों के मौत की पुष्टि हो गई है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसे लेकर अमेरिकी सेना ने कहा था कि सेत्तेबेल्लो ईरानी तेल ले जा रहा था। उसने चेतावनियों की अनदेखी की, जिसके बाद उस पर हमला किया गया।

यह इस हफ्ते दूसरा मामला है जिसमें भारतीय क्रू वाले जहाज पर अमेरिका ने अटैक किया है। इससे पहले सोमवार को अमेरिका ने तेल टैंकर द मैरिवेक्स पर हमला किया था।

**जैसे ही हमले का सायरन बजता, जहाज के सभी 22 कर्मचारी भागकर नीचे इंजन रूम में छिप जाते थे। बाहर आसमान में मिसाइलें, ड्रोन और फाइटर जेट चक्कर काट रहे होते थे और अंदर सब अपनी जान बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करते थे।**

### ईरान बोला- अमेरिका के साथ हुए सीजफायर का अब कोई मतलब नहीं

ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमलों की वजह से 8 अप्रैल को लागू हुआ सीजफायर अब बेमतलब रह गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन हमलों के कारण क्षेत्र में तनाव खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। अब जो भी रिजल्ट निकलता है, उसकी जिम्मेदारी अमेरिकी की होगी।

ईरान ने मिडिल ईस्ट के दूसरे देशों को भी चेतावनी दी है। कहा कि जो देश अमेरिका को अपनी जमीन, सैन्य ठिकानों या दूसरी सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान पर हमला करने के लिए देंगे, उन्हें भी हमलावरों के साथ खड़ा माना जाएगा।

### फंड रिलीज करने को लेकर अमेरिका-ईरान की बातचीत जारी

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच जब्त हुए ईरानी फंड (फ्रोजन एसेट्स) को जारी करने के तरीके पर बातचीत चल रही है। दोनों देश एक प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं और इसी वजह से बातचीत तेज हो गई है। रिपोर्ट में तीन ईरानी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि दोनों देशों में बातचीत पूरी तरह बंद नहीं हुई है। वार्ता पर्दे के पीछे जारी है। बातचीत का सबसे अहम मुद्दा विदेशी बैंकों में फंसे ईरान के तेल राजस्व को जारी करना है। ईरान चाहता है कि उसे तुरंत 6 अरब से 12 अरब डॉलर तक की रकम मिल जाए, जबकि अमेरिका स्टेप बाय स्टेप तरीके से फंड जारी करने और उसका इस्तेमाल मानवीय जरूरतों तक सीमित रखने के पक्ष में है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पक्ष एक राजनीतिक ढांचे पर काफी हद तक सहमत हो चुके हैं, लेकिन फंड जारी करने की व्यवस्था और शर्तों पर अभी बातचीत जारी है।



**जैसे ही हमले का सायरन बजता, जहाज के सभी 22 कर्मचारी भागकर नीचे इंजन रूम में छिप जाते थे। बाहर आसमान में मिसाइलें, ड्रोन और फाइटर जेट चक्कर काट रहे होते थे और अंदर सब अपनी जान बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करते थे।**

### अमेरिका ने ओमान सागर में ईरानी जहाज पर हमला किया

ईरान के होर्मुजगान प्रांत के अधिकारियों ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह ओमान सागर में एक ईरानी मालवाहक नौका पर अमेरिकी मिसाइल से हमला किया गया।

सिरिक शहर के गवर्नर रजा शाहिदियान के मुताबिक, यह 150 टन क्षमता वाली पारंपरिक मालवाहक नौका थी। इसमें पांच क्रू मेंबर्स थे। शाहिदियान ने बताया कि हमला ओमान के खासाब पोर्ट से करीब 8 किमी दूर हुआ।

### ईरान बोला- अमेरिका के 18 मिलिट्री बेस को तबाह किया

ईरान ने दावा किया है कि उसने गुरुवार सुबह अमेरिकी सेना के हमले का जवाब देते हुए कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है।

ईरानी सरकारी न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक, IRGC की एयरोस्पेस फोर्स और नौसेना ने कुवैत के अली अल सलेम और अहमद अल जाबेर एयर बेस के साथ-साथ बहरीन के शेख ईसा एयर बेस समेत अमेरिका के 18 अहम मिलिट्री बेस को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। हालांकि ईरान के इन दावों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

**फास्ट न्यूज**

### 'एप्स्टीन ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को लेकर मुझे ब्लैकमेल किया था'

वाशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने बुधवार को सांसदों के समक्ष बंद कमरे में हुई पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि जेफरी एपस्टीन से मिलना एक बड़ी भूल थी। कलंकित फाइनेंसर एपस्टीन के साथ अपने संबंधों को लेकर घिरे गेट्स ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि उन्हें शुरुआत में ही एपस्टीन से कभी नहीं मिलना चाहिए था।

### ओपेनडोर ने भारत में बंद किया कामकाज

वाशिंगटन। अमेरिका स्थित रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी कंपनी ओपनडोर ने भारत में अपना कामकाज पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है, जिससे कंपनी के लगभग 250 भारतीय कर्मचारी प्रभावित होंगे। कंपनी का मानना है कि परिचालन संबंधी कार्यों को अमेरिकी बाजार के करीब रहकर ही बेहतर ढंग से संभाला जा सकता है। कंपनी के सीईओ काज नेजातियान के अनुसार, यह कदम किसी प्रदर्शन की कमी के कारण नहीं, बल्कि कंपनी की व्यावसायिक रणनीति का हिस्सा है। ओपनडोर 2.0 रणनीति के तहत इन पदों को अमेरिका में ग्राहकों के करीब स्थानांतरित किया जा रहा है।

### चीन में बिना गड़बड़ी के हुई 1.3 करोड़ छात्रों की परीक्षा

बीजिंग। भारत में इस समय जहां NEET-UG परीक्षा में पेपर लीक को लेकर विवाद देखने को मिल रहा है। वहीं, इस बीच चीन में दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षा संपन्न हुई है। इस परीक्षा में रिकॉर्ड 1.3 करोड़ छात्र शामिल हुए। छात्रों को परीक्षा के दौरान कोई असुविधा न हो और वे पूरी एकाग्रता के साथ पेपर दे सकें, इसके लिए पूरे देश ने एकजुटता दिखाई।

## सोना 1,562 गिरकर 1.45 लाख का 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के दाम में आज यानी 11 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,562 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए हो गए हैं।

31 मई को सोना 1.56 लाख पर था। यानी 11 दिन में ही ये 11 हजार रुपए सस्ता हुआ है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत आज 257 रुपए बढ़कर 2.33 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 31 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 133 दिन में चांदी 1.52



**इस महीने 11 हजार सस्ता हो चुका, 1 किलो चांदी की कीमत आज 257 बढ़ी**

लाख रुपए सस्ती हो गई है।

मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर 'कैश' इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।

## प्रदर्शनकारियों के निशाने पर प्रवासी, घर-दुकानें लूटीं, गाड़ियों में आग लगाई

# सिर काटने की कोशिश के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़के दंगे

**लंदन, एजेंसी**

आयरलैंड के बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बुधवार को बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया। बेलफास्ट के न्यूटाउनार्ड्स रोड पर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया शैंकिल में दो दुकानें लूट ली गईं और एक अफ्रीकी प्रवासी की दुकान को आग के हवाले कर दिया गया। बेलफास्ट में नकाबपोशों ने कई घरों को निशाना बनाया है। कुछ जगह



सूडानी शरणार्थी ने आयरिश व्यक्ति का गला काटने की कोशिश करते हुए।

**लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर व स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी प्रवासी विरोधी प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई।**

'विदेशियों को निकालो' जैसे नारे भी लगाए। स्थानीय पादरी जैक मैकी ने बताया कि लोग सिर्फ प्रवासी होने के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए। सैंडी रो इलाके में सूडानी दुकानदारों ने दुकानें जल्द बंद कर दीं। बेलफास्ट इस्लामिक सेंटर ने शाम की नमाज रोक दी। दिग्गज कारोबारी इलॉन मस्क ने भी सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर करते हुए कहा- जोरदार प्रदर्शन से ही बदलाव आएगा। ब्रिटेन की कट्टरपंथी पार्टी रिफॉर्म यूके ने घटना को प्रवास नीति का नतीजा बताते हुए वीजा प्रतिबंध की अपनी पार्टी की बात दोहराई। वहीं, सांसद क्लेयर हन्ना ने मस्क, रिफॉर्म यूके के चीफ नाइजल फराज व अन्य को हिंसा का जिम्मेदार ठहराया।

### वीडियो वायरल होते ही लोग इकों पर उतरे

हिंसा की शुरुआत बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हुई। सूडान के एक शरणार्थी का एक आयरिश व्यक्ति से विवाद हो गया था। इसी बीच हादी ने चाकू से उसका गला काटने की कोशिश की थी। हमले में 40 वर्षीय आयरिश व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस वारदात का वीडियो वायरल होते ही प्रदर्शन की अपीलें तेज हो गईं थीं।

पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी घटना का आरोपी हादी अलोदिद सूडान से पेरिस और फिर डबलिन आया था। 2023 में वह बेलफास्ट पहुंचा और शरण मांगी। उसे ब्रिटेन में 2028 तक रहने की अनुमति मिल गई थी।





### प्रवासी विरोधियों पर हिंसा भड़काने के आरोप

दक्षिणपंथी और प्रवासी विरोधियों ने सोशल मीडिया पर चाकूबाजी की घटना का वीडियो तेजी से फैलाया। कट्टरपंथी व प्रवासी-विरोधी टॉमी रॉबिनसन ने वीडियो शेयर करते हुए पूरे ब्रिटेन में लोगों से 'सड़कों पर उतरने' की अपील की थी। इसके बाद मास्क पहने हजारों लोगों की भीड़ सड़कों पर जमा हो गई।

## 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर, दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक

# पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर हुआ क्रैश

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक MI-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी PoK के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक



तैनात कर रही है। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब मुजफ्फराबाद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। हाल के दिनों में वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। इसकी वजह यह थी कि एक विरोध आंदोलन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन करने का ऐलान किया था, जबकि स्थानीय सरकार ने उस संगठन पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगा दिया था।

> **मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।**

### सोवियत संघ के टूटने के बाद पाकिस्तान ने हेलिकॉप्टर खरीदा

जो हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वह Mi-17 था। यह रूस में बना सैन्य हेलिकॉप्टर है। भारत समेत दुनिया के कई देशों की सेनाएं इसका इस्तेमाल करती हैं। सोवियत संघ के टूटने के बाद पाकिस्तान ने रूस से यह हेलिकॉप्टर खरीदे थे। बाद में पाकिस्तान ने इसके कई अपग्रेड वर्जन भी खरीदे।

### आर्मी चीफ मुनीर ने हादसे की जांच का आदेश दिया

सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत सेना के सभी अधिकारियों और जवानों ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर शोक जताया। दोनों नेताओं ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि पूरा देश इन सैनिकों के बलिदान को सलाम करता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश इन बहादुर सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने मृतकों के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

## लंदन में बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व जज को लगातार मिल रही धमकियां

**लंदन, एजेंसी**

बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व जज गौतम पटेल और उनके परिवार को लंदन में कड़ी सुरक्षा दी गई है। यह कदम तब उठाया गया जब उनके परिवार को लगातार धमकियां मिलीं और उन पर शारीरिक हमले भी हुए।

बता दें कि पूर्व जस्टिस पटेल की बेटी ब्रिटिश नागरिक हैं और लंदन में रहती हैं। बीते 5 जून को उनके लंदन स्थित घर पर जान से मारने की धमकी भरा एक पत्र मिला। इससे कुछ ही दिन पहले उन पर जानलेवा हमला भी हुआ था।

मामले में जस्टिस पटेल ने सोमवार को बताया कि कुछ दिन पहले उनकी बेटी पर उनके घर के पास ही एक नकाबपोश और टोपी पहने शख्स ने हमला कर दिया था। उस हमलावर ने उनकी बेटी पर ताबड़तोड़ कई घूंसे भी बरसाए थे।

वहीं इस मामले में ब्रिटेन पुलिस ने इस मामले पर बयान जारी करते हुए कहा है कि डिटेक्टिव्स इस पूरे मामले



की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। इसमें अगस्त 2025 में घर में चोरी की कोशिश और धमकी भरा पत्र मिलना, अप्रैल 2026 में हुआ शारीरिक हमला और अब जून 2026 में मिली ताजा धमकियां शामिल हैं। जज के परिवार को पूरी सुरक्षा मुहैया करा दी गई है।

जस्टिस पटेल के मुताबिक, इन हमलों और धमकियों का संबंध उनके द्वारा अप्रैल 2024 में सुनाए गए एक ऐतिहासिक फैसले से है। यह मामला दाऊदी बोहरा समुदाय के आध्यात्मिक नेता 'सैय्यदना' के उत्तराधिकार और नाम से जुड़ा हुआ था। अपने फैसले में जस्टिस पटेल ने सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दावे को सही ठहराया था और उन्हें समुदाय का 53वां दाई व नेता माना था।

**आरोप : कैलिफोर्निया में भारतीय नागरिक संदीप सिंह गिरफ्तार**

# जर्मनी में हत्या का प्रयास कर अमेरिका भागा

**लंदन, एजेंसी**

अमेरिकी अप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (ICE) एजेंसी ने कैलिफोर्निया से एक 40 वर्षीय भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह शख्स जर्मनी में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। एजेंसी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम संदीप सिंह है। संदीप को कैलिफोर्निया के फेयरफील्ड इलाके से हिरासत में लिया गया है।

मामले में 'इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट' (ICE) सैन फ्रांसिस्को की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई जानकारी के मुताबिक, संदीप सिंह साल 2023 में मैक्सिको के रास्ते गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। जर्मनी में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का वारंट जारी है।



> **फिलहाल संदीप को हिरासत में रखा गया है और उसे डिपोर्ट (भारत या जर्मनी वापस भेजने) करने के लिए कानूनी कार्यवाही चल रही है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने अभी तक जर्मनी वाले मामले की ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।**

दूसरी ओर कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में साल 2026 की शुरुआत में परमिंदरपाल सिंह नाम के एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, परमिंदरपाल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें लूटपाट और हमले जैसी हिंसक वारदातें शामिल हैं। उसे भी देश से बाहर भेजने की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### अमेरिका के अन्य राज्यों में भी हुई भारतीयों पर कार्रवाई

बता दें कि ICE पिछले कुछ समय से आपराधिक बैकग्राउंड वाले या अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रहा है। इसी के तहत हाल ही में कुछ अन्य भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में न्यू जर्सी के नेवार्क में ICE ने उबैदुल्लाह अब्दुलराशिद रेडियोवाला नाम के एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया है। इस पर हत्या के प्रयास और जबरन वसूली जैसे गंभीर आपराधिक आरोप हैं। गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड होने की वजह से उसे अमेरिका से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# फर्जी लाइसेंस से 17 साल तक उड़ाईं 900 से अधिक फ्लाइट्स

## रूटीन जांच में धोखाधड़ी का खुलासा, सुरक्षा पर सवाल नहीं

**ओटावा, एजेंसी**

एअर कनाडा के एक कैप्टन ने बिना लाइसेंस के करीब 17 साल तक सैकड़ों यात्री विमान उड़ाता रहा। पूर्व एअर कनाडा पायलट जेफ्री वॉल पर आरोप है कि उन्होंने साल 2009 से 2025 के बीच 900 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भरीं, जबकि उनके पास कैप्टन बनने के लिए अनिवार्य एअरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस फॉर एअरोप्लेन नहीं था। पायलट क्रेडेंशियल्स में लंबे समय से की जा रही इस धोखाधड़ी के बाद जेफ्री वॉल को 1 जून को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस धोखाधड़ी के दौरान जेफ्री वॉल ने बोइंग 767, 777 और 787 जैसे बड़े और आधुनिक विमान उड़ाए। उन्होंने इन उड़ानों के जरिए




हजारों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया और वेतन के रूप में लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक कमाए।

ओंटारियो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पील रीजनल पुलिस के डिप्टी चीफ मिलिनोविच ने कहा, ₹इस जांच और इससे जुड़े विवरण किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह लगते हैं। आरोपी पायलट इन कमांड के पद तक पहुंच गया और लगभग 17 वर्षों तक बोइंग विमान उड़ाता रहा। जेफ्री वॉल पूरी तरह से अयोग्य विमान चालक नहीं थे। एअर कनाडा के साथ अपने 27 साल के करियर के दौरान उनके पास एक कमर्शियल पायलट लाइसेंस था और उन्हें कानूनी रूप से कमर्शियल विमान उड़ाने की अनुमति थी।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676